वर्ष : 16 अंक : 169 मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 07 अक्टूबर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर फंसे महंत नरसिंहानंद

## देशभर में मचा बवाल, कई जगह विरोध-प्रदर्शन

### ›› डासना मंदिर में सुरक्षा बढ़ाई गई

नरसिंहानंद की भड़काऊ टिप्पणी का वीडियो सामने आने के बाद शुक्रवार रात को उनके खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मंदिर के बाहर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके बाद परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सिटी जोन राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कैला भट्टा क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों और प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) के जवानों को तैनात किया गया है, जहां मुस्लिम आबादी काफी है।

### ›› नरसिंहानंद को हिरासत में लिए जाने का दावा

नरसिंहानंद की करीबी सहयोगी और यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव उदिता त्यागी ने दावा किया कि उन्हें 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है और उनके ठिकाने का पता नहीं है। इस बारे में पूछे जाने पर पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने कहा, हम मंदिर की सुरक्षा कर रहे हैं और हमें उनकी हिरासत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### ›› जम्मू और राजौरी में प्रदर्शन

जम्मू और राजौरी जिलों में शनिवार को सैकड़ों लोगों ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए एक हिंदुत्ववादी महंत के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर अलग-अलग विरोध रैलियां निकालीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा आयोजित रैलियां और अन्य समुदायों के सदस्यों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए जम्मू और राजौरी जिले के भटिंडी इलाके में शांतिपूर्ण तरीके से रैलियां निकाली गईं।

नूना न्यूज एजेंसी

गाजियाबाद। स्थित डासना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद ने पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। देशभर में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। इसके अलावा उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं। बता दें, नरसिंहानंद ने गाजियाबाद में 29 सितंबर को हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पैगंबर मोहम्मद पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया।



प्रदर्शनकारियों ने अपने विवादित बयान से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए पुजारी यति नरसिंहानंद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### ›› नरसिंहानंद के खिलाफ कई स्थानों पर प्राथमिकियां दर्ज

महाराष्ट्र में ठाणे पुलिस ने पैगंबर मोहम्मद पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर विवादित महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। यति नरसिंहानंद के खिलाफ पहले ही इस मामले को लेकर कई स्थानों पर प्राथमिकियां दर्ज कराई गई हैं। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के अध्यक्ष की शिकायत पर ठाणे में मुंब्रा पुलिस ने तीन अक्टूबर को महंत के खिलाफ एक मामला दर्ज किया। मुंब्रा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यति नरसिंहानंद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिकूल कृत्य करना), 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाली कार्रवाई), 299 (किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान कर- के उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य) और धारा 302 (किसी अन्य व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर शब्द बोलना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों से यूपी की बन रही नई पहचान

पिछली सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है। चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं। इस आयोजन में एक पूरा और एक्सक्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# विधानसभा चुनाव के दौरान सांगली क्षेत्र में होगी कांटे की टक्कर

नूना न्यूज एजेंसी

सांगली। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र महाराष्ट्र के 48 संसदीय क्षेत्रों में से एक है। जिस पर 2024 के चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार विशाल प्रकाशबापू पाटिल ने बीजेपी के संजय काका पाटिल के 10 साल के दबदबे को खत्म करते हुए जीत हासिल की थी। 1952 में देश के लिए हुए लोकसभा निर्वाचन में इस सीट का गठन नहीं हुआ था। 1957 में दूसरे संसदीय निर्वाचन में यह क्षेत्र अस्तित्व में आया। यह क्षेत्र कृष्णा नदी के किनारे बसा होने के चलते प्राकृतिक सौंदर्य में डूबा हुआ है। वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए बना सागरेश्वर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी यहीं पर है। यह भूतपूर्व सांगली राज्य की राजधानी भी था। इस क्षेत्र में दलहन और हल्दी का बड़ा बाजार है। यहां पर सूती वस्त्र, तेल मिलें और पीतल व तांबे के सामान के निर्माण से जुड़े कई कारखाने हैं। यह लोकसभा क्षेत्र पूरी तरह से महाराष्ट्र के सांगली जिले के तहत ही आता है। जो मिराज, सांगली, पलुस कडेगांव, खानापुर, तसगांव कवठे महांकाल और जाट विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर बनाया गया है। जिसमें 2019 के चुनाव में दो सीट बीजेपी और दो कांग्रेस के खाते में गई थी और राष्ट्रवादी कांग्रेस को पार्टी को एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। महाराष्ट्र राज्य के गठन के साथ ही 1962 से अस्तित्व में आए मिराज विधानसभा क्षेत्र में हमेशा से वर्चस्व की लड़ाई भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही रहती है। यह निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। जिसमें पिछले 15 साल से बीजेपी कांग्रेस पर भारी पड़ रही है। उसके नेता सुरेश खाड़े 15 साल से यहां से विधायक हैं। उनके पहले कांग्रेस के हाफिज धत्तूरे लगातार दो बार यहां से विधायक चुने गए थे। इस लोकसभा क्षेत्र की सांगली विधानसभा सीट पर अब तक शिवसेना और एनसीपी अपना खाता भी नहीं खोल सकी हैं। तो वहीं, चुनावी संघर्ष हमेशा भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के मध्य ही रहता है। 2019 में हुए अंतिम विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सुधीर गाडगिल जीतने में कामयाब रहे थे।

# 80 किसानों की उपज गायब होने पर वेयर हाउस संचालक पर 6.21 करोड़ का जुर्माना

### जमा नहीं करने पर 80 बार भुगतनी होगी 6-6 माह की सजा

**देवास,** । जिले के बरोठा क्षेत्र में स्थित वेयर हाउस से करीब 80 किसानों की उपज गायब होने के मामले में संचालक को दोषी पाते हुए जिला न्यायालय ने शनिवार को बड़ा फैसला सुनाया। के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने संचालक को चार वर्ष के कारावास की सजा और 6.21 करोड़ रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। राशि जमा नहीं करने पर संचालक को 80 बार 6-6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतना होगी। ऐसे में कुल सजा करीब 48 साल की हो जाएगी। मूल सजा के चार वर्ष अलग रहेंगे।

मामला फरवरी 2011 से फरवरी 2013 के बीच का है। गोपी वेयर हाउस के संचालक महेंद्र चौधरी पुत्र बद्रीलाल चौधरी ने सदाशिवपुरा में अपने वेयर हाउस में 80 से अधिक किसानों की सोयाबीन, चना आदि उपज रखी थी।फसल सुरक्षित रखने का आश्वासन देकर किसानों को वेयर हाउस की रसीद पर लोन मिलने का आश्वासन दिया था और फसल के बीमे की भी बात कही थी। किसानों से ऋण पुस्तिका आदि दस्तावेज लिए थे। इसके बाद किसानों से इलाहाबाद बैंक की देवास शाखा में खाते खुलवाने के लिए कहा।

लोन स्वीकृत करवाकर सभी दस्तावेजों पर किसानों के हस्ताक्षर करवाए और लोन की राशि स्वयं निकाल ली। जब किसानों के पास लोन वसूली के नोटिस पहुंचे तो वे वेयर हाउस पहुंचे। वहां उपज नहीं मिली। मामले में वर्ष 2013 में बरोठा थाने में प्रकरण दर्ज करवाया गया। न्यायालय में मामला पहुंचने पर आरोपित के खिलाफ सभी 80 किसानों की ओर से आरोप तय करने का अनुरोध किया गया था, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया। इसके बाद 5 अक्टूबर को सजा सुनाई।

# जवानों का शौर्य हमें रोमांच के साथ गौरवान्वित करता है: साय

### सशस्त्र सैन्य समारोह का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**रायपुर, (ब्यूरो)।** साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य सैन्य समारोह एवं प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय का जैकेट पहनाकर सेना ने अपने अंदाज में स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के करतब को देखकर रोमांचित हुए और उनकी कौशल और क्षमता को सराहा। मुख्यमंत्री साय ने दो दिवसीय सैन्य प्रदर्शनी को आम नागरिकों के उत्साह को देखते हुए एक दिन बढ़ाने की घोषणा की। अब प्रदर्शनी का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर के अलावा 7 अक्टूबर तक किया जाएगा।

सैन्य प्रदर्शनी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस प्रदर्शनी में अपनी सेना की ताकत, उनकी क्षमता और हमारे वीर जवानों के शौर्य को देखकर रोमांचित





और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के लिए सेना का एक अकेला जवान ही काफी होता है। सेना की वर्दी में किसी चुस्त-दुरूस्त जवान को देखकर ही हमारे भीतर जोश आ जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी में भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70 और अन्य आधुनिक सैन्य उपकरणों का अवलोकन कर सकेंगे। इसके साथ-साथ आप पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयर डेविल मोटरसाइकलिंग और घुड़सवारी जैसे हैरतअंगेज और अद्भुत प्रदर्शन का आनंद भी ले पाएंगे। सैन्य समारोह की प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री साय को ब्रिगेडियर अमन आनंद ने भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियारों और टैंक की विस्तृत जानकारी दी। साय ने प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण में से एक टैंक टी-90 भीष्म का भी अवलोकन किया और इसकी क्षमता और विशेषता की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने सेना में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक हथियारों, ड्रोन, रायफल सहित भूतपूर्व सैनिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं, अग्निपथ योजना, छत्तीसगढ़ हर्बल्स के स्टाल का अवलोकन किया। गौरतलब है कि सैन्य प्रदर्शनी के दौरान भारतीय सेना द्वारा युद्ध में उपयोग किए गए तथा वर्तमान में उपयोग किये जा रहे विभिन्न हथियारों, टैंक, रायफल आदि का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में ऐसे टैंक और हथियार भी शामिल हैं, जो वर्तमान में उपयोग में नहीं है और सेना ने इसे एक धरोहर के रूप में संजो कर रखा है। साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी स्टालों का अवलोकन किया और सेना के अधिकारियों से जानकारी ली।

इस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, खुशवंत सिंह साहेब, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा समेत बड़ी संख्या में सेना के जवान और नागरिक उपस्थित थे।

▶ प्रदेश में लगातार बढ़ रहे ऑनलाइन जालसाजी के मामले

# साइंटिस्ट को छह घंटे तक किया डिजिटल अरेस्ट, ठगे 71.33 लाख

## छह दिन रखा बंद, साइबर क्राइम, सीबीआई, ईडी के अफसर बन किए फोन

● इंदौर

प्रदेश में इन दिनों झूठे केस में फंसाने और ब्लैकमेल कर लोगों को डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है, जिसमें अपराधी भोले-भाले लोगों को लाखों रुपए की ऑनलाइन चपत लगा रहे हैं। ऐसा ही मामला इंदौर में फिर सामने आया है, यहां सिमकार्ड एवं बैंक अकाउंट के माध्यम से हुए गंभीर अपराधों का झांसा देकर आरआर कैट साइंटिस्ट को डिजिटल अरेस्ट कर 71.33 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। फरियादी को ट्राई, दिल्ली साइबर क्राइम, सीबीआई, ईडी आदि के फर्जी अधिकारी बनकर फोन कर आनलाइन ठगी की गई। आरआर केट साइंटिस्ट को ठग गैंग ने 6 दिन तक फर्जी डिजीटल अरेस्ट कर रखा था।

### दिल्ली की क्राइम ब्रांच में केस आपका अरेस्ट वारंट भी जारी

क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस द्वारा संचालित एनसीआरपी पोर्टल पर आरआर कैट में वैज्ञानिक सहायक के पद पर कार्यरत आवेदक अनिल कुमार, इंदौर के द्वारा शिकायत की गई थी। जिसमे साइंटिस्ट आवेदक ने बताया कि 1 सितम्बर सुबह मेरे मोबाइल नंबर पर ट्राई नई दिल्ली मोबाइल नं 9580754384 से फोन आया कि मेरे नाम से एक सिमकार्ड 18 अगस्त 2024 को दिल्ली से जारी हुई है। जिससे गैरकानूनी विज्ञापन और महिला उत्पीड़न संबंधी टेक्स्ट भेजे जा रहे हैं। ट्राई अफसर ने अपना नाम सुशांत कुमार बताया और शिकायत नंबर डीएल 1045-0824 दिया। मैंने उन्हें बताया कि मैं इसकी शिकायत करना चाहता हूं। इस पर उन्होंने मेरा कॉल तत्काल ही किसी अन्य अज्ञात नंबर जिसे उन्होंने साइबर क्राइम दिल्ली डिपार्टमेंट बताकर फारवर्ड कर दिया और मुझे बताया गया की मेरे खिलाफ तो दिल्ली क्राइम ब्रांच में मनी लॉन्डरिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग का केस दर्ज है और मेरे खिलाफ अरेस्ट वारंट भी जारी हुआ है जिसकी कॉपी अज्ञात ठग क्राइम ब्रांच अधिकारी राकेश कुमार ने मेरे वाट्सएप नंबर पर भेजा।

### ठग बोले-सीबीआई से अपील करेंगे..

ठग क्राइम ब्रांच दिल्ली के अफसर ने बताया कि इस केस में 300 लोगों का शामिल होना पाया गया है, उनमें से एक तुम भी हो, क्योंकि आप सरकारी कर्मचारी हो तथा आप बेकसूर प्रतीत होते हैं इसलिए तुमको अरेस्ट नहीं करने और तुम्हारा केस प्रायोरिटी पर लेने की अपील सीबीआई कोर्ट से की जाएगी लेकिन तुम और तुम्हारी पत्नी को डिजिटल सर्विलांस पर रखा जाएगा। अगले दिन प्रातः करीब 10 बजे ठग सीबीआई अधिकारी नंबर 8979310521 ने हम दोनों से करीब 2 घंटे तक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पूछताछ की और इस बीच वे मुझसे म्यूच्यूअल फंड के कैश होने की जानकारी लेते रहे। 4 सितम्बर 2024 को अज्ञात सीबीआई ने फिर पूछताछ शुरू की और बताया कि आप के पैसे की जांच आरबीआई द्वारा की जाएगी अतः आपको ये पैसा हमारे द्वारा बताये गए अकाउंट में जमा करना है।

### थाने पहुंचे तो ठगी का पता चला

मेरे द्वारा अज्ञात ठग द्वारा बताए सीबीआई, ईडी अधिकारी, दिल्ली साइबर क्राइम डिपार्टमेंट बताकर कुल राशि 71,33,075 रुपए बैंकों में जमा करवाए और हमें बताया गया कि आपको सभी क्लीयरेंस नजदीकी थाने से प्राप्त होंगे और आपका सारा पैसा एक घंटे में आपके अकाउंट में आ जाएगा इसलिए आप दोनों द्वारकापुरी थाने में जाकर हमारी बात थाना प्रभारी से करवाएं। जब आवेदक थाने गया तो द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि आपके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसके बाद आवेदक द्वारा शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर पंजीकृत की गई। केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नेपानगर के जंगल में मिला बाघ का शव

**बुरहानपुर,** वन परिक्षेत्र नेपानगर के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 197, दक्षिण हसनपुरा के जंगल में बाघ का शव मिला। बाघ की मौत दो से तीन दिन पहले हुई है।

स्थानीय लोगों ने बाघ की मौत की सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद बुरहानपुर वन मंडल अधिकारी, नेपानगर रेंजर सहित वन विभाग का अमला घटनास्थल पहुंचा। ड्रोन की सहायता से जंगल में सर्चिंग की जा रही है। डाग स्कॉट की सहायता भी ली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि देखकर लगता है टाइगर की नेचरल डेथ हुई है। डीएफओ विजय सिंह ने बताया टाइगर का शव



बरामद किया गया है। 8 डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की पुष्टि एवं मौखिक जानकारी वन चौकी हसनपुरा के डिप्टी रेंजर श्रीकांत भट्ट ने दी है।

# नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में की दो युवकों की हत्या

**दंतेवाड़ा (ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिला के सीमाई क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बल के नक्सल-विरोधी ऑपरेशन के बाद नक्सलियों की बौखलाहट देखने को मिली।

नक्सलियों ने सुरक्षाबल के ऑपरेशन के तुरंत बाद 'जन-अदालत' लगाकर मुखबिरी के शक में दो युवकों अर्जुन पुनेम और मोटू कुरसम की बेरहमी से हत्या कर दी। वहीं, कुछ ग्रामीणों को पिटाई के बाद छोड़ दिया गया। मामला गंगालूर थाना क्षेत्र के सावनार का है। फिलहाल, मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# कवर्धा कांड: कांग्रेस ने भाजपा सरकार से पूछे पांच सवाल

**रायपुर (ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार से लोहारीडीह मामले में जवाब मांगा है और कवर्धा कांड पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तथा पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू ने शनिवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में कवर्धा कांड पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। लोहारीडीह की घटना में सरकार को दोषी बताते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि कवर्धा कांड को लेकर हमने सरकार से पांच सवाल पूछेः-

बघेल ने पहले सवाल में पूछा कि क्यों इस संबंध में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारें और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है? अगर यह मामला मध्यप्रदेश से जुड़ा हुआ है तो क्या छत्तीसगढ़ पुलिस ने मध्यप्रदेश सरकार से इस संबंध में कोई पहल की है? दूसरा सवाल यह है कि पुलिस मे बिना विवेचना किए लोगों को किस आधार पर गिरफ्तार किया और गिरफ्तार किए गए



लोगों पर धाराएं किस आधार पर लगाई गईं?तीसरा सवाल यह है कि जिन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं उनकी सूची अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं की गई है? जिन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं उन पर कौन सी धाराएं लगाई गई हैं? चौथा सवाल यह है कि यदि जांच के आदेश दे दिए गए हैं तो जांच के बिंदु क्या तय किए गए हैं? क्या इसमें पुलिस हिरासत में प्रशांत साहू की मौत के अलावा बाकी लोगों की बर्बरतापूर्ण पिटाई की भी जांच होगी? पांचवां सवाल यह है कि प्रशांत साहू की मौत के लिए कितने पुलिस कर्मियों और अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है? क्या इसमें तत्कालीन पुलिस अधीक्षक और जिलाधीश का नाम है? अगर मामला दर्ज हुआ है तो क्या वह हत्या का मामला है? अगर नहीं है तो क्यों नहीं है?

श्री बैज ने कहा कि कवर्धा छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा का गृह ज़िला है। घटना के लिये वे ही जिम्मेदार हैं। इस घटना को लेकर सरकार और प्रशासन दोनों की भूमिका संदिग्ध रही है। प्रशासन की भूमिका संदिग्ध रही है इसका प्रमाण तो सरकार ने ख़ुद कलेक्टर और एसपी को हटाकर दे दिया। पर सरकार अभी भी मानों सो रही है, या गृहमंत्री की धमकियों से सब डरे हुए हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने भी बलौदाबाजार और लोहरीडीह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है।

# दिल्ली

## सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ के छठे दिन पूजा


बाबा बहादुर बण मंदिर में यज्ञशाला में पूजा के लिए तैयार की बेदी।

राजौंद, अक्तूबर : नगर के बाबा बहादुरबण मंदिर में सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ के छट्टे दिन पूजा अर्चना में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जानकारी देते हुए बाबा तेज गिरी जी ने बताया की सात ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन विधिपूर्वक बाणेश्वर महादेव का विधान से रुद्राभिषेक किया जाता है। इस महायज्ञ में नगर का पूरा सहयोग मिलता है। बाबा बहादुर बण मंदिर के महंत तेज गिरी जी ने बताया कि हर वर्ष बाबा बहादुरबण की पुण्य तिथि को लेकर इस यज्ञ का आयोजन किया जाता है। पुण्यतिथि वाले दिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सात दिन तक चलने वाले इस रुद्र महायज्ञ में 7 ब्राह्मणों द्वारा प्रति दिन विधिपूर्वक संपूर्ण पूजन के साथ बाणेश्वर महादेव का विधान से रुद्राभिषेक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में आचार्य बृज भूषण रवि श्याम पंडित, दीपक पंडित, नरेंद्र पंडित, महावीर दीक्षित, मदन पंडित सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का 32 हजार 500 रुपए का चालान


गाड़ी से ब्लैक फिल्म उतारता पुलिस का जवान।

कैथल, अक्तूबर : पुलिस की टीम ने करनाल रोड नहर कालोनी के पास से एक गाड़ी को रुकवाया जिस पर ब्लैक फिल्म लगी हुई थी तथा गाड़ी पर आगे की नंबर प्लेट भी नहीं थी। उक्त गाड़ी का पुलिस ने 32 हजार 500 रुपए का चालान किया तथा नियमों की अवहेलना करने के कारण गाड़ी को जब्त कर लिया गया। एसपी राजेश कालिया ने कहा कि वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। आगे भी पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी तथा नियमानुसार कार्रवाई दौरान उनके चालान किए जाएंगे। काला शीशा लगे वाहनों का उपयोग अकसर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और उनकी अनदेखी ना करें।

## टैंट लगाने की बात पर भिड़े अनीता ढुल और विकास के समर्थक

राजौंद, अक्तूबर : हलका कलायत में राजौंद के गांव सेरधा में आजाद प्रत्याशी अनीता ढुल और कांग्रेस प्रत्याशी विकास सहारण के समर्थकों के बीच बूथ पर टेंट लगाने को लेकर तू तू मैं मैं के बाद झड़प हो गई। झड़प के बाद इंस्पेक्टर इंदर सिंह थाना प्रभारी राजौंद ने बताया कि ये बिल्कुल मामूली बहस थी। माहौल बिल्कुल शांत है और वोटिंग प्रक्रिया जारी है। जिला प्रशासन द्वारा सेरधा गांव को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। वहीं कानून व्यवस्था को लेकर डीसीपी मौके पर दलबल के साथ मौजूद है। पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों को समझाने बुझाने के बाद टेंट लगवा दिए गए और बात में शांति व्यवस्था बहाल हो गई। बता दें कि गांव सेरधा ढुल गोत्र प्रभावित गांव है।

## कर्तव्य निष्ठ से पुलिस ने निभाई चुनावी ड्यूटी


एक बूथ पर जायजा लेते हुए एसपी।

हरित, कैथल, अक्तूबर : विधानसभा चुनाव के दौरान जिला पुलिस सजगता सतर्कता के साथ ड्यूटियों पर डटी रही। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस पूरी तरह से सतर्क रही। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। चुनाव दौरान पुलिस द्वारा बरती गई चौकसी सतर्कता सख्ताई से जिला में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी राजेश कालिया की बेहतरीन प्लानिंग और लीडरशिप के जरिए पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने में सफल रही। एसपी ने सफलतापूर्वक व शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाने के लिए निष्ठापूर्वक ड्यूटी करने पर सभी पुलिस कर्मचारियों व पैरामिलटरी फॉर्स की सराहना करते हुए धन्यवाद किया व बधाई दी। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी राजेश कालिया द्वारा स्वयं बूथों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा वहां मौजूद सभी पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को चुनाव से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि चुनाव में निष्पक्ष ड्यूटी के दौरान आमजन से मधुर व्यवहार करें तथा किसी पार्टी विशेष बारे बातचीत न करके अपनी ड्यूटी का बखूबी निर्वहन करे। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी के अलावा जिला के सभी डीएसपी, थाना प्रबंधक पूरे दिन मतदान के दौरान अपने अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण पर रहे। मतदान के दौरान पुलिस अधिकारियों के औचक निरीक्षण से मतदाताओं ने खुद को सुरक्षित महसूस करते हुए मतदान किया।

## नवरात्रों के तीसरे दिन मंदिरों में मां चंद्रघंटा की पूजा


दुर्गा मंदिर में कीर्तन करती हुई महिलाएं।

राजौंद, अक्तूबर : पावन नवरात्रों के तीसरे दिन मंदिरों में मां के श्रद्धालुओं ने मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु प्रथम नवरात्रे से ही मंदिरों में सुबह व सांय पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। नगर के दुर्गा मंदिर, मां भद्रकाली मंदिर व प्राचीन शिव मंदिर में पूरे नगर से मां के सानिध्य में उपवास करने वाले श्रद्धालुओं को देखकर पुरा वातावरण धार्मिक हो जाना स्व भाविक ही है। आचार्य रामभगत हरित ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रों के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि वैसे तो मंदिरों में पूजा अर्चना हर रोज होती है, परंतु नवरात्रे पर्व के दौरान मंदिरों में पूजा का विशेष महत्व शास्त्रों में दशार्या गया है, जिस पर कायम रहते हुए महिला श्रद्धालु टोलियों के साथ मंदिरों में गीत गाते हुए पहुंच रही हैं।

## लव कुश रामलीला लालकिला मैदान में प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा सम्पन्न हुई।



**दिल्ली।** देश-विदेश में ख्याति प्राप्त लव कुश रामलीला कमेटी, लालकिला मैदान दिल्ली के अध्यक्ष श्री अर्जुन कुमार बताया कि सुश्री नीमूबेन बांभणिया राज्यमंत्री, भारत सरकार लीला स्थल पर प्रभु श्री राम को तिलक कर आशीर्वाद लिया और कहा कि प्रभु श्री राम की लीलाएं हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हमें उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए। लीला के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के अनुसार आज लीला स्थल पर श्री राम बारात शोभा निकाली गई, नगरवासियों को नाचते गाते देखकर मंथरा द्वारा कैकेई को भड़काना, दशरथ का आना और कैकेई को मनाना। राम को वनवास की सूचना, कौशल्या भवन में राम का आज्ञा लेने आना सीताजी का साथ चलने का हठ व लक्ष्मण की साथ चलने की जिद, तीनों का वन में प्रस्थान, उर्मिला द्वारा प्रेरणा-मंगल मिलक, राम को कैकई द्वारा वनवासी वस्त्र भेंट करना, तीनों का वन गमन, राज मार्ग में रोते-बिलखते तीनों को रोकना व अयोध्या वासियों द्वारा वन न जाने की प्रार्थना तक की लीला का मंचन हुआ। लीला पश्चात कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल, चैयरमैन पवन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यभूषण जैन, सौरव गुप्ता, संदीप भूटानी, कोषाध्यक्ष अंकुर गोयल, लीला मंत्री प्रवीण सिंहल आदि सभी पदाधिकारियों ने आये हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया और प्रभु श्रीराम की आरती के साथ लीला सम्पन्न हुई ।

## भारत की सबसे बड़ी डिजाइन प्रदर्शनी आयोजित



**नई दिल्ली।** बीआरडीएस डिजाइन प्रदर्शनी 2024 भारत की सबसे बड़ी डिजाइन प्रदर्शनी है, जिसका आयोजन भंवर राठौर डिजाइन स्टूडियो (बीआरडीएस) द्वारा द कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में किया गया। हर साल, यह प्रदर्शनी भारत के 12 शहरों- दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, बैंगलोर, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, भोपाल, नासिक, नागपुर और हैदराबाद में आयोजित की जाती है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य डिजाइन शिक्षा में जागरूकताः छात्रों को डिजाइन और वास्तुकला के क्षेत्र में उपलब्ध कई विषयों जैसे फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन, इंटीरियर और आर्किटेक्चर डिजाइन, उत्पाद डिजाइन, ऑटोमोबाइल डिजाइन, ग्राफिक डिजाइन, एनिमेशन डिजाइन, फोटोग्राफी, ललित कला और कई अन्य विषयों से अवगत कराने की है। कौशल विकास, इस्के जरिए छात्रों के रचनात्मक कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को शुरूआती चरण से ही विकसित करने की क्योंकि यह उनके डिजाइन करियर में सफल होने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपकरण है। इसके अलावा रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच, जिसके जरिए छात्रों को 5000 से अधिक लोगों के सामने कलाकृतियों, 3डी मॉडल, परिधानों और कैनवास पेंटिंग के रूप में अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में बीआरडीएस के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. भंवर राठौर द्वारा एनआईडी, निफ्ट, नाटा, युकीड में सफलता प्राप्त करने के लिए युक्तियों पर एक भव्य कैरियर सेमिनार और भारत भर से 25 से अधिक डिजाइन कॉलेज और विश्वविद्यालयों की भागीदारी शामिल थी। भंवर राठौर डिजाइन स्टूडियो (बीआरडीएस) एक प्रमुख डिजाइन और आर्किटेक्चर प्रवेश कोचिंग संस्थान है, जिसके भारत में 84 से अधिक केंद्र और दिल्ली में 17 केंद्र हैं, जो पिछले 19 वर्षों से भारत और विदेशों में अग्रणी डिजाइन, आर्किटेक्चर और ललित कला कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए 8000 से अधिक छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

## दवाओं को बताया चमत्कारी, वेंटीलेटर से मिली मुक्ति, मरीज की अद्भुत रिकवरी



**दिल्ली।** इकलौते बेटे को एक महिने से ब्लीडिंग हो रही थी मरीज को प्राइवेट हॉस्पिटल ने जवाब दे दिया था, मरीज की मां ने बताया की चमत्कारी थी जिसको देने के बाद मरीज को वेंटीलेटर से मुक्ति मिली। डॉ. सुनील कुमार बोकोलिया, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति से सम्मानित, कई विश्व रिकॉर्ड धारक , गोल्डमेडलिस्ट दिल्ली के डॉ. बोकोलिया ने सरकारी नौकरी करने के साथ साथ उन सभी लोगों को अचंभित करने वाला इलाज किया है जो उनके इलाज करने की पद्धति से पूरे तरीके से सहमति नहीं जताते हैं, जो इलाज किसी भी बड़े निजी अस्पताल में लाखों रूपए से कम का नहीं होता है, जो आम इंसान की पहुंच से बाहर होता है उसे वह इतने कम पैसों में ठीक कर देते हैं जिसका की खुद मरीज और उसके घर वालों को यकीन नहीं होता, आज की तारीख में डॉक्टर सुनील किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है, उनकी दवा लेने भारत देश के हर राज्य से हर तरह के मरीज आते हैं और ठीक हो कर ही जाते हैं और जो उनकी दवा खाकर ठीक हो जाता है वह अन्य लोगों को उनके पास भेज कर उनका भी भला करवाते हैं अपने साथ-साथ, डॉ सुनील का यह भी दावा है कि किसी भी मरीज को पूरे शरीर में किसी प्रकार का कोई भी ऑपरेशन बोल दिया गया हो वह उसे बगैर ऑपरेशन के ही ठीक करके दिखा देंगे और उन्होंने ऐसे कई अनगिनत मरीजों को ठीक भी किया है। मरीज व उनके परिजन ने खुद आकर डॉ. बोकोलिया का दिल से धन्यवाद किया।

## आदिलीला फाउंडेशन और कलिंग वैश्य समाज ने वासवी दुर्गा पूजा का आयोजन किया



**नई दिल्ली : 6 अक्टूबर :** आदिलीला फाउंडेशन और कलिंग वैश्य समाज ने संयुक्त रूप से सहटेन बैंक्वेट हॉल में मां वासवी कन्याका परमेश्वरी पूजा का आयोजन डीएलएफ कैपिटल ग्रीन, मोती नगर में किया गया। आदिलीला फाउंडेशन के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस आदिनारायण की देखरेख में पूजा कार्यक्रम सम्पन हुआ. इंडियन प्रजा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के.बी. श्रीधर, कलिंग वैश्य समाज के अध्यक्ष श्रीनिवास कोटनी, नाट्य कला भारती डॉ. सरला कुमारी, टी.सुरेश, बी.अशोक, के.जी.के.पात्रो, के.सत्यनारायण सुबुद्धि पूर्व एसीपी, श्रीनिवास बरतम, प्रसिद्ध तेलुगु व्यक्तित्व यज्ञ अध्यक्ष, विनोद पात्रोजी और अन्य ने भाग लिया। मंत्रोच्चार के बाद सभी भक्तों के लिए मां दुर्गा पूजा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी. नवरात्रि व्यक्तिगत भक्ति पर जोर देती है, जो देवी के विभिन्न रूपों पर ध्यान केंद्रित करते हुए नौ दिनों तक चलती है, जबकि दुर्गा पूजा एक भव्य, पारिवारिक उत्सव है जो अपने लोगों के बीच लौटने वाली एक मातृ छवि के रूप में उनकी भूमिका को उजागर करती है।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में 70 से भी अधिक सीटें जीतेगी कांग्रेस : सुरजेवाला

- कहा: विकास के नाम पर वोट किया कैथल की जनता ने

कैथल, अक्तूबर : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में 70 से भी अधिक सीटों की ओर अग्रसर है जबकि भाजपा डबल का आंकड़ा भी नहीं छू पायेगी। सुरजेवाला ने कहा कि बदलाव लोगों के चेहरे पर लिखा है और एक क्रांतिकारी बदलाव की ओर हरियाणा अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जनता भगवान है और जनता कांग्रेस को अपना भारी समर्थन देने जा रही है। जनता ने भाजपा के कुशासन से छुटकारे का निर्णय ले लिया है। कांग्रेस के उम्मीदवार आदित्य सुरजेवाला वोट डालने के लिए अपनी धर्मपत्नी अनुष्का सुरजेवाला और दादी सावित्री सुरजेवाला के साथ कैथल के सेक्टर 20 स्तिथ इंडस स्कूल में मतदान करने के लिए सुबह ही पहुंचे। आदित्य सुरजेवाला ने मतदान करने के बाद पत्रकारों को जवाब देते हुए कहा कि यह लड़ाई गुंडाराज के खिलाफ है। आदित्य ने कहा कि मेरा कैथल के साथ पारिवारिक तीन पीढ़ियों का रिश्ता है। हर क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, सडकों, पार्क, स्मारक, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर वर्कस, स्कूल, यूनिवर्सटी, स्टेडियम, बस स्टैंड, ओवरब्रिज, अंडरब्रिज, तीर्थ,36 बिरादरी की धर्मशालाएं, पोलिटेक्निक कॉलेज, रोजगार के नए आयाम स्थापित किए। उन्होंने कहा कि पूरे कैथल में अमन शांति बनी रहे यह कामना करता हूं। आदित्य सुरजेवाला कैथल शहर व गांव के प्रत्येक बूथ पर जाकर कार्यकताओं से भी मिले। मतदान केन्द्रों पर बुजुर्ग मतदाता, महिलाएं, युवा और पहली बार मतदान करने आई युवतियों में भारी जोश और उत्साह दिखाई दे रहा था। कैथल में मतदान के प्रति लोगों में भारी उत्साह दिखाई दिया। युवा, पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग और विशेषकर पहली बार मतदान कर चुकी युवतियों में बड़ी खुशी देखी है।


वोट डालने के बाद बात करते हुए रणदीप सुरजेवाला।

## मतदाताओं ने प्रत्याशियों का भविष्य मत पेटियों में किया बंद

- क्या इस बार टूटेगी आजाद विधायक की कवायद

पूंडरी, अक्तूबर : पूंडरी विधानसभा के लिए चुनाव शांति पूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव को शांति पूर्वक सपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूंडरी विधानसभा से इस बार 18 प्रत्याशी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। आजाद विधायक चुनने वाली पूंडरी विधानसभा में इस बार की टक्कर कांग्रेस ओर बीजेपी पार्टी के मध्य नजर आई। मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग किया जा चुका है। पार्टी व आजाद उम्मीदवारों का भविष्य मत पेटियों में बंद है, जोकि 8 तारिख को खोला जाएगा। लेकिन सुबह से सायंकाल तक हुए चुनाव में जहां एक तरफ निर्दलीय प्रत्याशी बाजी मारते नजर आए थे, तो वहीं दोपहर बाद हुए मतदान ने हर बार के समीकराणों को बदलने का कार्य किया। पूंडरी विधानसभा की जनता द्वारा किए गए मतदान का रिजल्ट तो 8 तारीख को आएगा। लेकिन शहर में चल रही हलचल से लग रहा है कि इस बार पूंडरी विधानसभा से आजाद विधायक की रिस जाने वाली है। विजेता कौन होगा इस सवाल का जवाब तो भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है लेकिन इस बार पार्टी के उम्मीदवार के जीतने की संभावनाएं ज्यादा बताई जा रही है। सायं 6 बजे तक के मतदान में पूंडरी हल्के से 65 प्रतिशत मतदान हो चुका था। लेकिन बूथों के अंदर मतदान करने वाले मतदाता अभी भी मतदान केंद्रों में मौजूद थे।


मतदान के लिए खड़े मतदाता।


एक बुजुर्ग को गोद में उठा कर वोट डलवाने आया युवक।

## सीवन में 73 प्रतिशत के साथ शांतिपूर्ण मतदान


उंगली पर लगी स्याही का निशान दिखाई हुई ईश्वरीय देवी। (विरेन्द्र कोहली)

सीवन, अक्तूबर : विधान सभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। सीवन के सभी बूथों पर युवा से लेकर बुजुर्गो ने मतदान कर अपना फर्ज निभाया। सीवन निवासी 101 वर्षीय ईश्वरीय देवी ने अपनी तीसरी पीढ़ी के साथ मतदान किया। सीवन में कुल 15,000 मतदाताओं में लगभग 11,000 हजार वोटरों ने अपना मतदान किया। सुबह से ही लोग कतारों में लग गए और अपनी बारी का इंतजार करने लगे। लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया। नगर के कन्या स्कूल में माडल बूथ व पिंक बूथ बनाए गए थे। बूथ नम्बर 172 में मतदाताओं की सबसे अधिक कतार देखने को मिली। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। इसके अलावा नगर के राजकीय माडल संस्कृति स्कूल में बने बूथों में भी मतदाताओं ने लंबी कतारों में लग कर अपने मत का प्रयोग किया। महिलाएं टोलियां बना कर मतदान केन्द्रों तक पहुंच रही थी। दिव्यांग मतदाताओं में भी मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिला। मतदाता मोहन जो कि चलने में असमर्थ है वह अपनी रिक्शा पर अपनी पत्नी के सहयोग के मतदान केन्द्र पर पहुंचा और अपने मत का प्रयोग किया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा

कैथल, अक्तूबर : जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने जिला के आईटीआई प्रताप गेट स्थित स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। जिले में शांतिपूर्ण रूप से मतदान करवाने को लेकर व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए थे। इसके अलावा जिला में स्थापित सभी बूथों पर वैबकास्टिंग कैमरों के जरिए नजर रखी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती स्वयं लघु सचिवालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से प्रत्येक बूथ की तमाम गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। जिले में विधानसभा चुनाव 2024 प्रक्रिया कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच सुबह 7 बजे शुरू हो गई थी। इस जिला के सभी 807 बूथों पर सबसे पहले मोक पोल की प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। जिसके बाद सुबह निर्धारित समय पर मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई थी। युवाओं, बुजुर्गो व महिला मतदाताओं ने उत्साह के साथ वोट किया। उन्होंने कहा कि इस जिले की सभी चारों विधानसभाओं में महिलाओं द्वारा संचालित पिंक बूथ, दिव्यांगजनों द्वारा संचालित बूथ, युवा व माडल बूथ बनाए गए थे। पिंक बूथों को विशेष रूप से सजाया गया था और इन बूथों पर महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। आरकेएसडी कॉलेज स्थित बनाए गए पिंक बूथ में पीने के पानी की व्यवस्था के साथ-साथ मतदाताओं के लिए बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।


अपने घर पर मतदान करते हुए रिटायर्ड हैडमास्टर श्री नौहरिया राम शर्मा। (सतीश


मतदान करके चिन्ह दिखाते हुए आदित्य सुरजेवाला और उनकी पत्नी।


एक मतदान केन्द्र पर निरीक्षण करते हुए डीसी।


फर्स्ट टाईम वोटर अुशंल गर्ग, हर्ष बूरा, आंचल शर्मा।



98 वर्षीय बहादुर चंद मदान ने अपने बेटे राम मदान के साथ मतदान किया। (सतीश भराड़ा)


मतदान केन्द्र के बाहर वोट डालने के लिए लगी लाइन।


98 वर्षीया कृष्ण देवी अपने परिवार सहित वोट डाल कर निशान दिखाते हुए। (सतीश

## 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म कर गर्भवती करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म कर गर्भवती करने वाले अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने खुलासा कर बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी करीब 13 वर्षीय किशोरी करीब 6 माह पूर्व ईख के खेत पर थी। जहां गांव का ही रहने वाला धर्म सिंह अवैध हथियार के बल पर जबरदस्ती बुरी नीयत से किशोरी को खींच कर ईख के खेत में ले गया। और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया तथा उक्त अपराधी ने कहा कि यदि तूने उक्त घटना के बारे में बताया तो तुझे जान से मार दूंगा। जिसके बाद उक्त अपराधी के कुकृत्य से किशोरी गर्भवती हो गई थी। जिसकी परिजनों को जानकारी करीब एक सप्ताह पूर्व तब हुई जब किशोरी की तबीयत बिगड़ गई। जहां परिजन किशोरी को गंभीर अवस्था में लेकर गांव शाहपुर कलां स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंच गए। लेकिन आराम नहीं मिलने पर परिजन किशोरी को लेकर नगर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंच गए। जहां उपचार के दौरान किशोरी ने अपूर्ण अवस्था में बच्चे को जन्म दिया। जिसकी मृत्यु हो गई वहीं परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी धर्म सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहा से आरोपी को जेल भेज दिया।

## सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाहा माली समाज के लोगों की बैठक का हुआ आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** रविवार को नगर पालिका प्रांगण में पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में सैनी समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज को एकत्रित करने एवं संगठन को मजबूत किए जाने पर विचार विमर्श किया गया है। रविवार को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में प्रतिशील सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा माली महासभा उत्तर प्रदेश की तहसील स्तरीय बैठक नगर की नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता गिरधारी लाल सैनी तथा संचालन चंद्रपाल सैनी ने किया। जिसमें सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा महासभा माली की बैठक में समाज के लोगों को पढ़ाई लिखाई व्यापार सामाजिक कार्यों में जागरूक करने की चर्चा की गई। और जनपद स्तर पर उपरोक्त संगठन को रजिस्टर्ड कर बढ़ावा देने का कार्य किया गया। इस दौरान मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, गंगासरन सैनी, चंद्रपाल सैनी, रूप किशोर सैनी, पीसीएस दिनेश कुमार सैनी, प्रथमा बैंक वरिष्ठ प्रबंधक अरविंद कुमार सैनी, कुमार सैनी, महामंत्री जन अधिकार पार्टी देवेंद्र सैनी, सुनील सैनी, बृजेश सैनी, विजय कुमार सैनी, सचिन सैनी, वीर सिंह सैनी, नेपाल सैनी, मोनू सैनी, दिनेश सैनी, अनिल कुमार सैनी, हरचरण सैनी, राजपाल सैनी समेत सैनी समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत कोतवाली में 10 की महिलाओं के साथ महिला अधिकारों को लेकर हुई चर्चा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** रविवार को नगर की कोतवाली में मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए एक बैठक का आयोजन मिशन शक्ति नोडल अधिकारी व उप निरीक्षक मीनाक्षी गुप्ता के नेतृत्व में हुई जिसमें नगर एवं देहात क्षेत्र की 10 की सदस्य महिलाओं ने भाग लिया, महिलाओं को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी मीनाक्षी गुप्ता ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति गरुड़ खंड के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी, वहीं 10 की महिलाओं से कहा कि वह अपने आसपास की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें, तथा सरकार द्वारा महिला हेल्पलाइन के अंतर्गत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 102, 108, 112,1090 आदि के संबंध में जानकारी दी गई, इस मौके पर 10 की सदस्यों में मुख्य रूप से आरती गुप्ता, पूनम अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, नीतिका अग्रवाल, शालिनी, कविता, रजनी अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, नजमा, गुलिस्ता आदि सहित दर्जनों महिलाएं एवं महिला पुलिसकर्मी पिंकी, पिंकी मिथुन आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज में सनातन भावनाओं का सम्मान, महाकुंभ में नहीं होगी मांस-मदिरा की बिक्री: मुख्यमंत्री



**प्रयागराज, 06 अक्टूबर:-** महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज की शास्त्रीय सीमा में मांस-मदिरा की बिक्री नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज में सभी 13 अखाड़ों, खाक-चौक परंपरा, दण्डीबाड़ा परंपरा और आचार्यबाड़ा परंपरा के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन सनातन धर्म के ध्वजवाहक अखाड़ों और विभिन्न संत परंपराओं के निर्देशन में उनके ही द्वारा किया जाता है। राज्य सरकार, इसमें सहयोगी है और दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुगण अतिथि हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में पूरी दुनिया करेगी सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार करेगी। सनातन परंपरा के सम्मान के लिए सरकार समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साधु-संतों, संन्यासियों, वैरागियों सहित समस्त सनातन समाज की भावनाओं का सम्मान रखते हुए प्रयागराज की शास्त्रीय सीमा में मांस-मदिरा का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ मेला क्षेत्र में संत समाज के साथ संवाद कर रहे थे। इस बैठक में सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधि तथा खाक-चौक परंपरा, दण्डीबाड़ा परंपरा और आचार्यबाड़ा परंपरा के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## 1,90,000 की लूट की सूचना निकली झूठी, उधारी से बचने के लिए रचा था षड्यंत्र, मुकदमा दर्ज

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** उधार लिए हुए रुपए वापस देने के लिए एक व्यापारी ने 4 अक्टूबर की रात को गांव को जाते समय रास्ते में व्यापारी के साथ 190000 रुपए की लूट होने की सूचना पुलिस को दी थी, जिसमें पुलिस ने चोरी मे मुकदमा भी दर्ज कर लिया था, लेकिन सीसीटीवी कैमरो की मदद से पुलिस ने उक्त घटना की गहनता से पड़ताल की तो घटना झूठी निकली, बता दे की अमरपाल सिंह पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम लुहारी खादर ने नगर के आत्माराम कुंड के निकट मोटरसाइकिल के सामान बेचने की दुकान खोल रखी है, जिसने अपने बहनोई वह अन्य रिश्तेदारों से रुपए उधार लिए थे तथा उन रुपए को एक फर्जी ऐप में लगा दिये थे जिसमें वह रुपए डूब गए तथा अमरपाल द्वारा 5 अक्टूबर को रुपए वापस करने थे जिन्हें वापस करने से बचने के लिए अमरपाल ने षड्यंत्र रच लिया और 4 अक्टूबर की रात को लगभग 8:30 बजे अपने साथ लूट होने की झूठी कहानी पुलिस को बता दी, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे एवं मुखबिर की सूचना पर उक्त घटना का खुलासा कर दिया, वहीं पुलिस ने फर्जी घटना दशार्ने वाले अभियुक्त अमरपाल सिंह पुत्र जयपाल सिंह को हिरासत में ले लिया तथा उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## देवी देवताओं की मूर्ति स्थापना से पूर्ण कराया गया नगर भ्रमण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** रविवार को नगर के मोहल्ला कोट पूर्वी यादव सराय में प्राचीन दुर्गा मंदिर पर यादव समाज द्वारा मूर्ति स्थापना कराई गई, स्थापना से पूर्व सभी मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया जिसकी शोभायात्रा का पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर शुभारंभ किया, बताते चले की नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर में भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी, खाटू श्याम बाबा जी, लक्ष्मी नारायण भगवान एवं शनि देव जी तथा अन्य देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित की जा रही है, जिसकी शोभायात्रा नगर के यादव सराय मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना डाकघर, वंश प्लाजा, इंदिरा चौक, पंसारा बाजार, दरबार, पुरानी जमा मस्जिद से होते हुए प्राचीन दुर्गा मंदिर मोहल्ला यादव सराय में पहुंचकर संपन्न हुई, शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ, वही मंदिर में पंडितों द्वारा विधि विधान पूर्वक मूर्ति की स्थापना कराई गई, मूर्ति स्थापना के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से वेद प्रकाश यादव, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, दीनदयाल यादव एडवोकेट, विकास यादव, सीमा यादव, भगवती यादव, राजो यादव, पुष्पा देवी, कुमकुम, सोना, भावना, नैना,अर्जुन यादव, यादराम यादव, चेतराम यादव, किशन यादव, हरिओम यादव, अनिल यादव, गिरधारी लाल सैनी, राजू यादव, दौलत राम यादव, उमेश यादव, दिनेश यादव आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

# तय समयसीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं महाकुंभ की तैयारियां: सीएम योगी



**लखनऊ, 6 अक्टूबर:** महाकुंभ-2025 की तैयारियां युद्ध स्तर पर आगे बढ़ रही हैं। 5600 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट से प्रयागराज को भव्य और सुंदर बनाया जा रहा है। कुंभ-19 में पूरी दुनिया प्रयागराज की ओर आकर्षित हुई थी। इस दौरान करीब 25 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया था। वे सभी इतने बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में सहभागी बने थे। वहीं लगभग 100 देशों के राजनयिक भी कुंभ-19 के भागीदार बने थे। इन लोगों ने भारत के आध्यात्मिक और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का अवलोकन भी किया था। इसी क्रम में दिव्य, भव्य और नव्य महाकुंभ-2025 के लिए विभिन्न विभागों द्वारा युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज में कहीं। उन्होंने महाकुंभ-2025 की तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से संवाद किया। सीएम ने बताया कि अधिकारियों को तय समय सीमा में तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

**श्रद्धालुओं को नहीं चलना पड़ेगा पैदल**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के साथ केंद्र सरकार के विभाग भी आपसी समन्वय से अपने-अपने कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब महाकुंभ का आयोजन होता है तो उस समय संगम में जल का स्तर 8 से 10 हजार क्यूसेक वाटर होता है। वहीं वर्तमान में सवा दो लाख से 2.5 लाख क्यूसेक वाटर के बीच जलस्तर है। इसे रिसेट होने में 10-12 दिन लग सकते हैं, लेकिन इससे महाकुंभ-25 की तैयारियों में कोई बाधा नहीं आएगी। सीएम योगी ने बताया कि अधिकारियों को तय समय सीमा में सभी निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश दिये गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि इस बार महाकुंभ का दायरा पिछले महाकुंभ की तुलना में दो गुने से अधिक क्षेत्रफल में फैला रहेगा। हमारा प्रयास रहेगा कि पीक डे यानी मुख्य पर्व, जो 13 जनवरी से 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेंगे। पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा, शिवरात्रि को छोड़कर शेष अन्य दिनों में किसी भी श्रद्धालुओं को एक किलोमीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े। इसके लिए परिवहन निगम की सात हजार से अधिक बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा इलेक्ट्रिक बसों की भी व्यवस्था की जाएगी। महाकुंभ-2025 के दौरान प्रयागराज की अलग छटा देखने को मिलेगी। सुरक्षा के भी खास इंतजाम किये जा रहे हैं। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर इस्तेमाल किया जाएगा। हम जीरो प्लास्टिक के लक्ष्य को लेकर भी चल रहे हैं। इसके अलावा संगम के सभी ड्रेनेज और सीवर को टेप किया जा चुका है। इन्हें डायवर्ट कर बायोडिग्रेडेशन के माध्यम से शुद्धिकरण करके ही डिस्चार्ज किया जाएगा। सीएम ने कहा कि कुंभ-19 की सफलता में मीडिया की अहम भूमिका थी। इस बार भी उनके सकारात्मक योगदान से महाकुंभ-2025 वैश्विक पटल पर अपनी छाप छोड़ेगा।

**›› साधु संत होते हैं महाकुंभ के मुख्य आयोजक, शासन-प्रशासन तो नैतिक व्यवस्था से जुड़ता है**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ-2025 को लोगो जारी किया गया है, जिसमें आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का समावेश है। उन्होंने कहा कि उनकी साधु-संतों के साथ बैठक हुई। सभी ने बहुत ही सकारात्मक भाव के साथ महाकुंभ के साथ जुड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के मुख्य आयोजक साधु संत ही होते हैं, शासन-प्रशासन नैतिक व्यवस्था के साथ जुड़े होते हैं। ऐसे में वह इससे जुड़कर इसको भव्य और दिव्य बनाएंगे। बैठक में 13 अखाड़ों के आचार्य, तीर्थ पुरोहित आदि मौजूद रहे।

## 74 करोड़ से प्रदेश के गौ पालकों को स्वावलंबी बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ, 6 अक्टूबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के गौ पालकों की आय बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए नन्द बाबा दुग्ध मिशन के द्वितीय चरण को हरी झंडी दे दी है। ऐसे में योगी सरकार मिशन के तहत विभिन्न योजनाओं को परवान चढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 74 करोड़ 21 लाख रुपये खर्च करेगी। इससे प्रदेश के दस हजार से अधिक गौ पालकों को लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

**2566 लाभार्थियों को मिलेगा मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन का लाभ, खर्च होंगे 2052.40 लाख**


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौ पालकों की आय बढ़ाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष नन्द बाबा दुग्ध मिशन को लांच किया था। सीएम योगी ने इस पंचवर्षीय मिशन के लिए 1 हजार करोड़ रुपये के फंड का प्राविधान किया था। इसी के तहत सीएम योगी ने मिशन के दूसरे चरण को हरी झंडी दे दी है। सीएम योगी के इस कदम से वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2566 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए 2052.40 लाख का बजट प्राविधानित है। इसी तरह मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना का 7028 लोगों को लाभ मिलेगा। इसके लिए 790 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का 90 लाभर्थियों को लाभ मिलेगा। इस योजना में 1015 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। इसके अलावा 330 प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है। इस मद में 722.70 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। गौ पालकों को पशु स्वास्थ्य एवं दुग्ध गुणवत्ता के लिए 621 परीक्षण किट वितरित की जाएंगी। इसके लिए 25 लाख की धनराशि आवंटित की गयी है। प्रदेश के डेयरी हित धारकों की डेयरी की क्षमता बढ़ाने के लिए 1447 डेयरी धारकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए 64.30 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे।

**नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना पर खर्च किये जाएंगे 1730.08 लाख**

मिशन के तहत साएलेज / हे / टीएमआर मेकिंग के अध्ययन एवं ट्रेनिंग नीड एसेसमेंट (टीएनए) की योजना के लिए 35 लाख आवंटित किये गये हैं। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत संचालित एबीआईपी-आईबीएफ ईटीटी योजना का 200 लोगों को लाभ दिया जाएगा, जिस पर 25 लाख खर्च किये जाएंगे। नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल को विकसित करने के लिए 60 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना (नवीन योजना) का 294 लोगों को लाभ दिया जाएगा। इस मद में 1730.08 लाख खर्च किये जाएंगे। इसके अलावा स्टेट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (एसपीएमयू) के संचालन के लिए 237.60 लाख, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (डीपीएमयू) के 18 जनपदों में संचालन के लिए 214 लाख आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र, रहमानखेड़ा लखनऊ में बोवाइन पशुओं में सेक्स्ड सार्टेड सीमेन उत्पादन की परियोजना में प्रयोगशाला निर्माण के लिए 450 लाख खर्च किये जाएंगे।

## जीत ही नहीं, हार भी देती है नए प्रोत्साहन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा: सीएम योगी





**लखनऊ, 6 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में 36वें अखिल भारतीय एडवोकेट क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने देश भर से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आए अधिवक्ताओं को खेल में टीम भावना के महत्व के बारे में नसीहत दी। उन्होंने कहा कि खेल हम सबको एक टीम की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। हमारे पास टीम वर्क की क्षमता है तो हमारी सफलता की गुंजाइश उतनी ही ज्यादा हो जाती है। लेकिन यदि हम टीम वर्क नहीं कर पा रहे हैं तो हमारे असफल होने की गुंजाइश भी उतनी ही ज्यादा हो जाती है। उन्होंने कहा कि हर जीत हमें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है, लेकिन हर हार भी हमारे सामने एक नया सबक होती है और हमें और भी नए प्रोत्साहन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने प्रतियोगिता में प्रदान की जाने वाली ट्रॉफी का भी अनावरण किया। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही सभी टीमों के कप्तानों के साथ ग्रुप फोटो शूट भी कराया और उन्हें किट का भी वितरण किया।

**›› बेंच और बार की मौजूदगी लोगों को देगी प्रेरणा**

सीएम ने कहा कि खेल हम सबको जोड़ने का काम करता है और फिर जब यह आयोजन हमारे राज्य में हो तो हमारा नैतिक दायित्व भी बनता है कि हम इससे प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहभागी बनें और इस आयोजन को प्रोत्साहित करें। और जब प्रतिष्ठित टीमें इसमें भाग ले रही हैं, जिसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेंच भी हो और बार भी हो, तो यह न केवल रोचक होता है, बल्कि लोगों को एक प्रेरणा भी देता है।

# महाकुंभ में दुनिया देखेगी 'स्मार्ट प्रयागराज का भव्य स्वरूप'

**प्रयागराज, 06 अक्टूबर:-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाकुंभ 2025 में दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को 'स्मार्ट प्रयागराज के भव्य स्वरूप' का साक्षात्कार होगा। उन्होंने कहा है कि पूरी दुनिया से सनातन समाज महाकुंभ में आने तो उत्सुक है, तो पर्यटकों में भी इसे लेकर बड़ा आकर्षण है। ऐसे में हर आगंतुक को प्रयागराज में अच्छी सुविधा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। रविवार को एक दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के दृष्टिगत प्रयागराज में जारी सभी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और जारी परियोजनाओं को तय मानकों के अनुरूप पूरी गुणवत्ता के साथ, निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों को उत्कृष्ट सुरक्षा और विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए प्रयागराज में अनेक निर्माण कार्य चल रहे हैं। निर्माण कार्यों के बीच प्रयागराज के स्थानीय निवासियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रयागराज वासियों ने जिस तरह कुंभ 2019 में दुनियाभर से आये 25 करोड़ श्रद्धालुओं, पर्यटकों के लिए आतिथ्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया था, उसी प्रकार, इस बार भी व्यवस्था बनाने में हर नगरवासी का सहयोग प्राप्त होगा। इससे पहले, परेड स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले मोटरबोट से संगम नोज पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा, यमुना, सरस्वती के पावन संगम स्थली का दर्शन-पूजन किया। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने संगम के विशाल स्नान क्षेत्र का अवलोकन भी किया। पवित्र अक्षयवट, पातालपुरी एवं सरस्वती कूप का दर्शन करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार भी अक्षयवट, पातालपुरी और सरस्वती कूप के दर्शन का पुण्य लाभ सुगमता से प्राप्त हों, इसके लिए यहां अच्छे प्रबंध होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने किले के भीतर जारी विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने लेटे हुए हनुमान जी का भी दर्शन किया और कुंभ के सफल आयोजन के लिए प्रार्थना की। दोपहर बाद भारद्वाज आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री ने यहां जारी विकास कार्यों का निरीक्षण किया, वहीं आईईआरटी सेतु का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के दृष्टिगत सेतु निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के इस मैराथन भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने आदि वेणीमाधव मंदिर का भी दर्शन-पूजन किया, साथ ही, लेप्रोसी रोड चौराहा से नैनी रेलवे स्टेशन रोड तक तथा छिवकीं रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण भी किया।



## लखनऊ में इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा आयोजित 'ब्रज की रसोई' का सफल आयोजन

**लखनऊ।** इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित 'ब्रज की रसोई' कार्यक्रम ने एक बार फिर से जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी बिखेर दी। यह विशेष आयोजन आशियाना क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर किया गया, जहां निराश्रित, असहाय, मजबूर और बिक्षिप्त बच्चों एवं बुजुर्गों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन वितरण किया गया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य पंकज राय ने कहा कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखना किसी जादू से कम नहीं था। नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए यह एक आनंदमयी अनुभव बन गया। भोजन न केवल पौष्टिक था, बल्कि इसे पाकर बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। उनके चहकते चेहरे और खुशी भरे लम्हे इस आयोजन की सफलता को प्रमाणित करते हैं। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने इस अवसर पर सभी आम जनमानस से अपील की कि वे इस पुण्य और नेक कार्य में सहभागी बनें। सामाजिक कार्यकर्त्ता राजीव पाण्डेय ने कहा, "इस तरह के आयोजनों से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। संस्था के सदस्य विकास पाण्डेय ने लोगों से आग्रह किया कि वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जरूरतमंदों के साथ उनकी खुशियों में शामिल हों। इस कार्यक्रम का संचालन विशाल सक्सेना ने किया, जिन्होंने बताया कि आज पूड़ी सब्जी का वितरण रतन खण्ड पानी टंकी के पास की झुग्गियों, निमार्णाधीन विद्यालय के मजदूरों और उनके परिवारों तथा जोन 8 के सामने झुग्गी-झोपड़ियों में किया गया। इस आयोजन के दौरान लगभग 930 लोगों को पौष्टिक भोजन वितरित किया गया, जो एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया। संस्था के सदस्य आशीष श्रीवास्तव ने इस तरह के आयोजन यह साबित करते हैं कि जब समाज के हर वर्ग के लोग मिलकर काम करते हैं, तो हम एक बेहतर और सहानुभूतिपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं। वहीं संजय श्रीवास्तव ने कहा ब्रज की रसोई' न केवल भूख मिटाने का कार्य किया, बल्कि मानवता की सेवा का एक आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में शामिल सी. एच. तिवारी, पंकज राय, संतोष पाण्डेय, हरप्रीत सिंह, राजीव पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, मनोज पाण्डेय, भूपेंद्र कौल, नवल सिंह, आशीष श्रीवास्तव, विनय पाण्डेय, विशाल सक्सेना, विकास पाण्डेय, दिलीप वर्मा, शिवम सिंह, ध्रुब सक्सेना सहित सभी समाजसेवियों का विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।



# हरियाणा

## छिटपुट घटना के साथ कलायत हल्के में शांतिपूर्ण मतदान



गांव बड़सीकरी में 85 साल के वृद्ध मतदान के लिए जाते हुए। मतदाताओं का स्वागत करते हुए स्कूली छात्राएं। मतदान के लिए लगी लंबी कतार।

कलायत, अक्तूबर : कलायत हल्के में छिटपुट घटनाओं छोड़ कर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। गांव सोरधा में जेपी और अनीता ढुल के समर्थकों के बीच थोड़ी तनातनी हुई, लेकिन उसको समय रहते शांत कर दिया गया।

**हल्के के गांव खड़ालवा में एक भी मतदाता ने नहीं डाला वोट**

हलके के गांव खड़ालवा में कुल चार मतदाता हैं लेकिन खबर लिखे जाने तक उनमें से किसी ने भी वोट नहीं डाला था। ये मतदाता संत समाज से हैं जिनमें से दो मतदाता खडालवा में रहते हैं और दो मतदाता हल्के से बाहर रहते हैं। खडालवा रहने वाले मतदाता महंत लाल गिरी और महंत रघुनाथ गिरी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि संत समाज के लिए सारे बराबर होते हैं, व किसी में भेदभाव नहीं कर सकते। जो जीतेगा वह भी अपना जो हारेगा वह भी अपना। संत और मत दो अलग-अलग चीजें हैं। संसार की मोह माया से ऊपर उठकर के संत जीवन जिया जाता है। उसमें भी अगर हम फर्क करने लगे तो वह सनातन के खिलाफ होगा।

**कुरुक्षेत्र, अक्तूबर। कुरुक्षेत्र में सीएम विंडोज के निवर्तमान एनीमेट पर्सन प्रदीप झांब व अभिनेता बंसी लाल कटारिया मतदान करने बाद अंगुली पर लगे स्याही के निशान को दिखाते हुए।**



## शाहकोट के निमार्ताओं ने फिल्म की झलक साझा की है!

### यह फिल्म दमदार कहानी और संगीत का जादुई मेल है, जो बड़े पर्दे परएक शानदार सिनेमैटिक अनुभव देगी।

**>> राज बब्बर बहुत सालों बाद शानदार वापसी कर रहे हैं।**



**करनाल : सुखविंदर सोही**

**करनाल।** आने वाली फिल्म शाहकोट की पहली और खास झलक आज मीडिया केलिए टीजर लॉन्च प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिलीज की गई। टीजर में गुरु रंधावा कोएक पुलिस वैन से उतरते हुए दिखाया गया है। उन पर बारिश हो रही हैऔर पृष्ठभूमि में एक खूबसूरत गीत चल रहा है। शाहकोट के निमार्ताओं ने अपने सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी मैटीरियलजारी करने का चुनाव कर दर्शकों को बड़े ही दिलचस्प अंदाज में जोड़ा है। जहां टाइटल पोस्टर एक पासपोर्ट था, वहीं मोशन पोस्टर बिछड़ने काअहसास दिलाता है। गुरु रंधावा और ईशा तलवार के साथ दूसरे पोस्टर मेंप्यार और रोमांस को दिखाया गया। यह टीजर बहुत ही हैरान करने वाली भावनाएं पैदा करता है जो इस कहानीकी विभिन्न भावनाओं को दिखाता है। दर्शकों में इस फिल्म की रिलीज केलिए उत्सुकता बनी हुई है। क्योंकि फिल्म में गुरु रंधावा पंजाबी डेब्यू कररहे हैं और उनके साथ मिजार्पुर के ट्रेंडिंग कलाकार ईशा तलवार भी हैं। फिल्म की कास्ट के बारे में पहले ही खुलासा किया जा चुका है कि फिल्ममें राज बब्बर, सीमा कौशल, गुरशबद, नेहा दयाल, हरदीप सिंह गिल, मनप्रीत सिंह, औलख मैडम, जतिंदर कौर हैं। यह फिल्म अनिरुद्ध मोहता द्वारा प्रोड्यूस की गई है और राजीव ढींगराद्वारा डायरेक्ट की गई है, जो कि लव पंजाब और कॉमेडी नाइट्स विदकपिल के लिए जाने जाते हैं। शाहकोट के डायरेक्टर राजीव ढींगरा ने इस प्रोजेक्ट पर अपने उत्साह काइजहार करते हुए कहा, "एक डायरेक्टर के रूप में, मेरा मकसद ग्लोबलदर्शकों के लिए क्लास अपील वाली कहानियां लाना है। शाहकोट केसाथ, मैं कह सकता हूँ कि यह एक रेगुलर लव स्टोरी नहीं है। एकडायरेक्टर के रूप में, मेरा मकसद फिल्म निर्माण में नया पहलू लाना हैऔर ऐसी कहानियां लाना है जो हमारे ग्लोबल दर्शकों के लिए इमोशनव्यक्त करने की क्षमता रखती हैं। अनिरुद्ध मोहता, शाहकोट के प्रोड्यूसर, एक यंग और डायनामिक बिजनेसटायकून हैं; और एम 7 स्काई स्टूडियोज के मालिक हैं, ने अपने फिल्मनिर्माण के अनुभव का इजहार करते हुए कहा, "मैं मानता हूँ कि पंजाबीसिनेमा जोर-शोर से बढ़ रहा है। मुझे लगता है कि दर्शक सिनेमाघरों मेंफिल्म देखते समय बड़े अनुभव की उम्मीद करते हैं, और एक प्रोड्यूसर केरूप में मैं अपने दर्शकों की उम्मीदों को पूरा करूंगा क्योंकि दर्शक हीफिल्मों के सच्चे इवैल्यूएटर हैं। यह फिल्म एम 7 स्काई स्टूडियोज और रापा नुईज फिल्म्ज और 751 फिल्म्ज के सहयोग से पेश की जा रही है, संगीत और बैकग्राउंड संगीतजतिंदर शाह ने किया है। फिल्म का टीजर आज मोहाली के बेस्टेक मॉल, सिनेपोलिस में हुई प्रेसकॉन्फ्रेंस के दौरान जारी किया गया। फिल्म को सेवन कलर्स द्वारावर्ल्डवाइड डिस्ट्रीब्यूट किया जाएगा।

## जिला पुलिस द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनावों की मतगणना के दिन आमजन के लिए मार्ग व यातायात प्रबन्ध

**करनाल, सुखविंदर सोही**



**करनाल।** विधानसभा चुनावों की मतगणना के लिए चार केन्द्र 1. एस.डी. माडल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल रेलवे रोड़ करनाल, 2. एस.डी. सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मुल्तान रेलवे रोड़ करनाल, 3. डी.ए.वी. सीनियर सैकेण्डरी स्कूल ब्वाएस करनाल और 4. डी.ए.वी. पी.जी. कालेज करनाल निर्धारित किए गए हैं। जिनमें मतगणना के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर व आमजन की सुविधा हेतू कुछ मार्गो पर यातायात को डायवर्ट किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जो इस प्रकार हैः-

1. दिनांक 08.10.2024 को प्रातः 04.00 बजे से रेलवे रोड़ की ओर से कमेटी चौंक की ओर आने वाले वाहन वैकल्पिक मार्ग मछ्छी मार्किट चौंक से दाएं मुड़कर, सदर बाजार से होते हुए कमेटी चौंक तक जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह वाहन अन्य वैकल्पिक मार्गो सौशन हाउस मार्ग या विक्रम मार्ग से मालरोड़ व मालरोड़ से अंबेडकर चौंक और अंबेडकर चौंक से पुराने बस स्टैंड के सामने से होते हुए भी कमेटी चौंक या शहर की ओर जा सकते हैं।
2. कमेटी चौंक से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन वैकल्पिक मार्ग कर्णताल पार्क के पास से सदर बाजार, लक्कड़ मार्किट से होते हुए रेलवे रोड़ व हांसी चौंक जा सकेगें। इसके अलावा ये वाहन अंबेडकर चौंक से मालरोड़ होते हुए भी रेलवे रोड़ जा सकते हैं।
3. बस स्टैंड के साथ वाली रोड़ से बस स्टैंड के पीछे जाने वाला मार्ग बंद रहेगा। यह वाहन या तो कमेटी चौंक की ओर जाएगें या अंबेडकर चौंक से मालरोड़ व विक्रम मार्ग से होते हुए रेलवे रोड़ पर जा सकेगें।
4. माल रोड़ से डी.ए.वी. पी.जी. कालेज की ओर जाने वाला मार्ग पूर्णरूप से बंद रहेगा, इस रूट के वाहन वैकल्पिक रोड़ विक्रम मार्ग से रेलवे रोड़ या अंबेडकर चौंक से, पूराने बस स्टैंड के सामने से होते हुए कमेटी चौंक/शहर की ओर जा सकेगें।
5. शाखा ग्राउंड से बस स्टैंड की ओर आने वाला मार्ग भी उस दिन पूर्ण रूप से बंद रहेगा।
6. इन्चार्ज, यातायात शहर करनाल विधानसभा चुनाव-2024 की मतगणना के दौरान यातायात को सुचारू रूप से चलवाने व आवश्यकतानुसार मार्ग को डायवर्ट करना भी सुनिश्चित करेगें। यातायात में किसी भी प्रकार असुविधा होने पर इन्चार्ज यातायात शहर के मो0 नं0 9729990723 पर काल कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक करनाल श्री मोहित हाण्डा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दिनांक 08.10.2024 को आवश्यकता अनुसार ही लोग इन मार्गों पर निकलें व कानुन व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में जिला पुलिस का सहयोग करें।

# करनाल जिला में 65.67 प्रतिशत हुआ कुल मतदान, 8 को मतगणना, स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम: जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह

### करनाल की पांचों विधानसभा की मतगणना होगी करनाल शहर में अलग-अलग जगह बनाए गए काउंटिंग सेंटर पर।

**>> मतगणना के लिए तैयारियां जोरों पर, काउंटिंग स्टाफ की रेंडमाइजेशन और ट्रेनिंग होगी शुरू**

**करनाल, सुखविंदर सोही**

**करनाल।** के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि 5 अक्तूबर को शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। करनाल जिला की पांचों विधानसभा में कुल 65.67 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद सभी ईवीएम को संबंधित विधानसभा के स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। अब 8 अक्तूबर को मतगणना होगी, उसकी तैयारियां जोरों पर हैं।

डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि विधानसभा अनुसार यदि मतदान प्रतिशत की बात करें तो करनाल विधानसभा में 56.37 प्रतिशत, असंध विधानसभा में 66.70 प्रतिशत, इंद्री विधानसभा में 71.25 प्रतिशत, घरौंडा विधानसभा में 71.91 प्रतिशत, नीलोखेड़ी विधानसभा में 63.50 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि सभी ईवीएम को स्ट्रॉग रूम में वीडियोग्राफी कराकर रखवा दिया गया है और स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इन स्ट्रांग रूम में तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था है। जिसमें हरियाणा पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बलों की एजेंसी लगी हुई है। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, जिनकी स्क्रीन स्ट्रांग रूम के बाहर रखी गई है। उम्मीदवार व उनके एजेंट इस स्क्रीन पर स्ट्रांग रूम को देख सकते हैं।

इन स्थानों पर होगी मतगणना

- करनाल विधानसभा- डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, करनाल के मुख्य हॉल में।
- घरौंडा विधानसभा- डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में।
- इंद्री विधानसभा- एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, करनाल में।
- नीलोखेड़ी विधानसभा - एसडी मॉडल स्कूल, करनाल के लाइब्रेरी हॉल में।
- असंध विधानसभा- एसडी मॉडल स्कूल, करनाल के सभागार में।

मतगणना के लिए तैयारियां जोरों पर, काउंटिंग स्टाफ की रेंडमाइजेशन और ट्रेनिंग होगी शुरू

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि मतगणना की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई है। मतगणना में लगे स्टाफ की रेंडमाइजेशन की जाएगी। इसके साथ-साथ उनकी ट्रेनिंग भी आयोजित की जाएगी। 8 अक्तूबर को मतगणना शुरू होगी। जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए हैं। सभी रिटर्निंग आफिसर तत्परता से इस कार्य में लगे हुए हैं।



## ड्रग्स एंड कास्मैटिक एक्ट के तहत 3 साल का कारावास और 1.20 लाख रुपए जुर्माने की सजा

नालागढ़, अक्तूबर : नालागढ़ के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश अभय मंडयाल की अदालत ने ड्रग्स एंड केस्मेटिक एक्ट के तहत पंचकूला के ललित कुमार पुत्र स्व. सुरेश चन्द को 3 साल कैद की सजा व 1.20 लाख रूपये जुर्माना की सजा सुनाई है। तथ्यों की जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी देवेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि 06.अप्रैल 2012 को एएसआई सुभाष, ड्रग इंसपैक्टर अनूप शर्मा, एचसी सीता राम व नसीब चन्द की टीम ने टौल बैरियर बद्दी पर गाड़ी नं एचआर03डी-8792 मारुती 800 का औचक निरीक्षण किया जिसमें से एलोपैथिक दवाइयां बरामद हुई। जो ड्रग इंसपैक्टर अनूप शर्मा द्वारा आरोपी ललित से एलोपैथिक दवाओं के संदर्भ में ड्रग्स लाईसेंस पेश करने बारे कहा गया तथा आरोपी ललित कुमार शर्मा अपना कोई भी मान्य ड्रग्स लाइसेंस पेश न कर सका और न ही उक्त दवाओं की खरीद से सम्बधित कोई रिकार्ड पेश कर सका। जिसके पश्चात् आरोपी के खिलाफ ड्रग्स व कास्मोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था।



जिसमें माननीय अदालत द्वारा गवाहों के ब्यानात व साक्ष्यो के आधार पर आरोपी ललित कुमार को ड्रग्स व कास्मोटिक एक्ट के तहत में 3 साल के कारवास व 1,20,000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई है।

## बाल भवन में 14 अक्तूबर से 19 अक्तूबर तक विभिन्न समूहों की बाल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन : आरती

**करनाल, राजेश जिंदल**

**करनाल।** जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती ने बताया कि बाल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में आगामी 14 अक्तूबर से जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का आयोजन बाल भवन में किया जाएगा। यह प्रतियोगिताएं जिला बाल कल्याण परिषद के चैयरमेन एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होंगीं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रविष्टियां balbhawanknl@gmail.com पर भेजी जा सकती हैं। एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अलग - अलग प्रविष्टियां भेजना अनिवार्य रहेगा। प्रविष्टि निर्धारित प्रोफार्मा में क्रमांक, स्कूल का नाम, विद्यार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, कक्षा, जन्मतिथि, प्रतियोगिता व ग्रुप का नाम तथा संपर्क नंबर सहित उपरोक्त ईमेल आईडी पर स्कूल हेड के हस्ताक्षर व मोहर के साथ भेजनी होगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम समूह में कक्षा 5 तक के बच्चे, द्वितीय समूह में कक्षा 6 से 8, तृतीय समूह में कक्षा 9वीं व 10वीं तथा चतुर्थ समूह में कक्षा 11वीं और 12वीं के बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं। 14 अक्तूबर को प्रारंभ होने वाली विभिन्न समूहों की प्रतियोगिताओं में ग्रुप डांस, सोलो गीत, सोलो डांस, रंगोली, थाली पूजन, कलश सज्जा तथा भाषण प्रतियोगिता शामिल हैं। इसी प्रकार 15 अक्तूबर को विभिन्न समूहों की ग्रुप डांस, सोलो गीत, सोलो डांस, क्ले मॉडलिंग, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 16 अक्तूबर को विभिन्न समूहों की ग्रुप डांस, सोलो डांस, क्विज, फन गेम्स, देश भक्ति समूह गायन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 18 अक्तूबर को विभिन्न समूहों की देश भक्ति समूह गायन, क्लासिकल सोलो डांस, फैंसी ड्रेस, बेस्ट ड्रामेबाज, दीया-कैंडल डेकोरेशन, हिंदी/अंग्रेजी लेखन तथा क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 19 अक्तूबर को विभिन्न समूहों के ग्रुप डांस, क्लासिकल सोलो डांस, देशभक्ति समूह गायन, स्केचिंग ऑन द स्पॉट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बाल प्रतियोगिताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बाल भवन में संपर्क किया जा सकता है।

## अमृतधारा अस्पताल, करनाल में इंटेनिस्कोन का उद्घाटन

### रोगी उपचार में इंटेनसिव केयर की महत्वपूर्ण भूमिका

**करनाल, सुखविंदर सोही**

**करनाल।** अमृतधारा अस्पताल ने आईएमए करनाल और उजाला सिग्नस मेडिकेयर के सहयोग से इंटेनिस्कोन 2024 का गर्व से उद्घाटन किया, जो कि क्रिटिकल केयर चिकित्सा में उन्नति के लिए समर्पित एक प्रतिष्ठित सम्मेलन है। यह कार्यक्रम अमृतधारा अस्पताल में आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख स्वास्थ्य पेशेवर, विशेषज्ञ और क्रिटिकल केयर के विचारक एकत्रित हुए, ताकि वे ज्ञान, अंतर्दृष्टि और रोगी प्रबंधन में नवीनतम नवाचार साझा कर सकें। यह सम्मेलन डॉ. शमित गुप्ता, आयोजक अध्यक्ष, और डॉ. रितेश लाल, आयोजक सचिव, के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उन्हें डॉ. रोहित सादना, आईएमए करनाल के अध्यक्ष, डॉ. शुचिन बजाज, उजाला सिग्नस के संस्थापक निदेशक, डॉ. प्रोबोल घोषाल, उजाला सिग्नस के अध्यक्ष, और डॉ. प्रीतिक घोषाल, उजाला सिग्नस के चीफ ऑफ स्ट्रैटेजी, का मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, अमृतधारा अस्पताल की यूनिट हेड, श्रीमती मीनू मल्होत्रा ने अस्पताल की रोगी देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं में नेतृत्व की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अमृतधारा में, हम स्वास्थ्य सेवा के सर्वोच्च मानकों को प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, और हम इंटेनिस्कोन 2024 जैसे महत्वपूर्ण मंच में योगदान देने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में क्रिटिकल केयर की गुणवत्ता को बढ़ाना है। इंटेनिस्कोन 2024 का उद्देश्य रोगी के परिणामों में सुधार करना और स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता की सीमाओं को आगे बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागी क्रिटिकल केयर में उन्नतियों पर चचाओं, कार्यशालाओं, और ज्ञान-साझाकरण सत्रों में भाग लेंगे। यह सम्मेलन अमृतधारा अस्पताल के स्वास्थ्य सेवा नवाचार में एक पायनियर बनने के निरंतर प्रयासों में एक और मील का पत्थर है, जो क्षेत्र में रोगी-केंद्रित देखभाल में इसके नेतृत्व को और मजबूत करता है।



## देश व प्रदेश की फल मंडियों में पहुंची 1.85 करोड़ सेब की पेटियां

**हर रोज मंडियों में पहुंच रही सेब की दो लाख पेटियां**

शिमला, अक्तूबर : प्रदेश सेब सीजन अब आखिरी दौर में चल रहा है। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों से देश व प्रदेश की फल मंडियों में सेब पहुंच रहा है। अब तक देश की विभिन्न फल मंडियों में 1 करोड़ 85 लाख सेब की पेटियां पहुंच गई है। हर रोज फल मंडियों में दो लाख सेब की पेटियां पहुंच रही है। प्रदेश से मॉनसून विदा होने के बाद ऊंचाई क्षेत्रों में सेब सीजन जोरों पर चल रहा है। शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के अलावा अब किन्नौर जिला में सेब सीजन बचा हुआ है, जबकि मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीजन अब समाप्त हो चुका है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों से अब फल मंडियों में अब रॉयल वैरायटी का ही सेब पहुंच रहा है। हालांकि पिछले काफी समय सेमंडियों सेब के दामों में भारी गिरावट आई है। देश व प्रदेश की फल मंडियों में अब तक करीब 1.85 करोड़ सेब की पेटियां पहुंच चुकी है। हिमाचल में सेब सीजन में अब अतिंम दौर में है। प्रदेश में पहली बार सेब की पैकिंग यूनिवर्सल कर्टन में की जा रही है। जिला शिमला के रोहड़ू, कोटखाई, जुब्बल, चौपाल रामपुर, नारकंडा व कुमारसेन के ऊंचाई वाले क्षेत्र में अब कुछ दिनों को सेब सीजन बचा है। इस बार भी प्रदेश में सेब के कम उत्पादन हुआ है। प्रदेश की फल मंडियों के अलावा दिल्ली की आजादपुर मंडी व पिंजौर फल मंडी में भी भारी मात्रा में सेब पहुंच रहा है।

## जाहू कलां में मजदूर की हत्या का आरोपी मोनू यादव 5 दिन के पुलिस रिमांड पर

जाहू, अक्तूबर : जाहू कलां गांव में मजदूर की हत्या के आरोपी मोनू यादव को कोर्ट ने 5 दिन तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इससे भोरंज पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ करके और साक्ष्य जुटाएगी। भोरंज उप मंडल की जाहू पंचायत के जाहू कलां गांव में 26 सिंतबर को प्रवासी मजदूर की मौत के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के मोनू यादव का गिरफ्तार किया है जिसे शनिवार को हमीरपुर कोर्ट में पेश किया गया तथा कोर्ट ने आरोपी मोनू यादव को 5 दिन की पुलिस रिमांड दिया है। भोरंज थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि योगेश कुमार निवासी जिला हाथरस उत्तर प्रदेश की शराब के नशे में गला घोंट कर हत्या की है। इसका खुलासा स्वयं आरोपी ने पूछताछ में किया है।

# राजौंद में मतदान शांतिप्रिय ढंग से हुआ संपन्न









गांव खेड़ी सिंबल वाली में अपने परिवार सहित मतदान करने पहुंची भाजपा प्रत्याशी कमलेश ढांडा। लाइनों में लग कर मतदान करने पहुंचे महिलाएं व पुरुष। 85 वर्षीय गांव सेरधा की शांति देवी व 75 वर्षीय ओमी देवी।

**मतदाताओं ने उत्साह से किया मतदान**

राजौंद, अक्तूबर : राजौंद में मतदान शांतिप्रिय संपन्न हो गया है। सभी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग करते हुए नई सरकार गठन में सहयोग किया है। सुबह मतदान काफी धीमा रहा लगभग 12 तक भी 25 से 30 प्रतिशत मतदान था। लेकिन दोपहर बाद अचानक मतदाताओं ने रुचि दिखाई जिससे मतदान राजौंद में लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंच गया। प्रशासन द्वारा भी सभी जगह शांति प्रिया मतदान करवाने के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। पूर्व राज्य मंत्री व भाजपा प्रत्याशी कमलेश ढांडा ने अपने परिवार सहित अपने पैतृक गांव खेड़ी सिंबल वाली में मतदान किया। उन्होंने कहा कि मतदान का सबको प्रयोग करना चाहिए अधिक से अधिक मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया है। इसके लिए वह अपने सभी हल्का वासियों का आभार प्रकट करती है। जिन्होंने उनके पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने का कार्य किया। तीसरी बार हरियाणा में फिर से भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस दौरान उनके पुत्र तुषार ढांडा व उनकी दोनों बेटियों ने भी मतदान किया। उदर राजौंद में पूर्व विधायक व आजाद प्रत्याशी सतविंद्र राणा ने अपनी पत्नी अंजू राणा के साथ अपने बूथ नंबर पर मतदान किया। उन्होंने शांति प्रिय मतदान संपन्न होने पर सभी का आभार प्रकट किया।

गांव सेरधा में निर्दलीय प्रत्याशी अनिता ढुल के समर्थकों व कांग्रेस प्रत्याशी विकास सहारण के समर्थकों के बीच टेंट लगाने को लेकर काफी कहा सुनी हो गई। लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया जिससे मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

गांव सेरधा की 85 वर्षीय शांति देवी ने मतदान कर अपना फर्ज निभाया। उन्होंने कहा कि वह लगातार हर लोकसभा व विधानसभा तथा सभी चुनाव में लगातार मतदान कर रही है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने मत का सबको प्रयोग करना चाहिए। क्योंकि एक वोट भी किसी की हार व जीत को बदल सकता है। इसके अलावा ओमी देवी 75 वर्षीय ने भी सेरधा गांव में मतदान किया। उनका कहना था कि वह बीमार है फिर भी मतदान करने पहुंची हैं। उन्होंने सभी से कहा कि मतदान सबको करना चाहिए यह उनका फर्ज है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिन होगीं परीक्षायें

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जूनियर हाईस्कूल/हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 10, 11 एवं 12 दिसम्बर को सम्पादित होगी। हाईस्कूल स्तर या समकक्ष अथवा उच्च स्तर की परीक्षा में उर्दू विषय के रूप न लिया हो वे ही अभ्यर्थी हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अर्ह है। परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज, निषातगंज, लखनऊ , राजकीय इण्टर कालेज, मुरादाबाद, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा है।

### पुलिस ने जुआरियों को दबोचा

**चित्रकूट।** राजापुर उनि अनिल कुमार, उनि इमरान खान, उनि कृष्णदेव मिश्र, आरक्षी अरुण कुमार, शाकिर अली, विमलेश, मनीष ने अभियुक्त गोलू सोनकर, धीरु सोनकर, विष्णु सोनकर, अजय सोनकर, अनिल कुमार को गिरफ्तार किया। अभियुक्तो के मालफ्ड 1680 रु व जामा तलाशी में 320 रुपये बरामद किये। उनि सुरेन्द्र कुमार, आरक्षी लवकुश यादव, उज्वल पाण्डेय, प्रकाश मिश्रा ने अभियुक्त प्रवेश कुमार पटेल, रामसुभग, विष्णुकान्त चतुर्वेदी, देवेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया। अभियुक्तो के मालफ्ड 9400 रु व जामा तलाशी में 190 रुपये बरामद किये।

### सोलर रूपटॉप के लिये जिले को मिला लक्ष्य, करे आवेदन

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने बताया कि हर घर सोलर अभियान के अन्तर्गत निजी घरो पर सोलर रूपटॉप पर योजना के अन्तर्गत जनपद में बारह हजार घरो को अच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित है।

नगर पालिका परिषद कर्वी को 9900, नगर पंचायत मऊ 300, राजापुर 300, मानिकपुर 300 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को एक हजार का लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अधिक से अधिक उपभोक्ताओ को योजना के सम्बन्ध मे जानकारी पहुँचाकर अच्छादित किया जाय। अधिक जानकारी के लिये परियोजना अधिकारी यूपी नेडा के मोबाइल नम्बर 9415703914 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें आम जनता, प्रशासन रखरही है नजर।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न।

**(ब्यूरो प्रमुख /शाहीन सबा)**

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा (दशहरा) त्यौहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व-त्यौहार के अवसर पर समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने में आपका सहयोग अपेक्षित है। आपके सहयोग से पूर्व के पर्व-त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया है। दुगार्पूजा का त्यौहार भी सद्भाव, सौहार्द के साथ संपन्न कराना है। आप सभी जिला प्रशासन को सहयोग करें और जिले में शांतिपूर्ण तरीके से पर्व-त्योहार को हषोल्लास के साथ मनाएं। शांति समिति के सदस्यों से जिलाधिकारी ने कहा कि पूजा अवधि में रात्रि के समय पूजा पंडाल श्रद्धालुओं से खाली रहता है। इस दौरान पूजा समिति के वोलिएंटर्स को सजग एवं सतर्क रहना है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पूजा-पंडालों सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस मजिस्ट्रेट, महिला दंडाधिकारी, महिला पुलिस बल सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की चूक, लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सजग एवं सचेत रहकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा जिलेवासियों से अपील की गयी है कि हर्षोल्लास के साथ पर्व-त्योहार को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं। जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। असामाजिक तत्वों तथा अन्य अपराधियों की सूचना त्वरित गति से पुलिस प्रशासन को दें ताकि कार्रवाई की जा सके। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों के पोस्टों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने अपील की है कि जिलेवासी किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त करते हुए पुलिस अधीक्षक, बेतिया शौर्य सुमन ने कहा कि शांतिपूर्वक, भाईचारे, जोश एवं उमंग के साथ पर्व त्यौहार मनाएं। पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। आप सभी भी शांतिपूर्ण पर्व सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम अथवा अन्य कारणों से फूहड़पन तथा अश्लीलता नहीं होनी चाहिए।



जुलूस वगैरह में हथियार लहराने की घटना पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक, बगहा, सुशांत कुमार सरोज ने सदस्यों से कहा कि शांतिपूर्ण त्यौहार को सम्पन्न कराने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। आप सभी का सक्रिय सहयोग पुलिस प्रशासन को मिलना चाहिए। पूजा, विसर्जन के दौरान ड्रोन पेट्रोलिंग सहित वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करायी जाएगी। प्रत्येक गतिविधि पर नजर रहेगी। शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्यों से कहा कि यहाँ जो भी बाते बतायी जा रही है, उसे वार्ड स्तर पर भी लोगों के साथ शेयर करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से प्रसारित होने वाले अफवाहों के फैलाव को रोकना है। किसी भी विवादास्पद मैसेज को पोस्ट नहीं करें साथ ही फॉरवर्ड भी नहीं करें। जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में ओबैदुर रहमान, इफ्तेखार अहमद उर्फ मुन्ना त्यागी, अरुण कुमार, रहमत अली, संजय कुमार यादव, संदीप कुमार, मदन प्रसाद गुप्ता, सरफराज अहमद, राजकुमार, नवनीत कुमार, विनय कुमार, राजकिशोर महतो, प्रभु यादव, आनंद सिंह, विश्वनाथ प्रसाद कुशवाहा, रजिया तबस्सुम, साजन कुमार, दीपू शर्मा, बृजकिशोर सिंह, मुन्ना सोनी, नंदलाल प्रसाद, अंकित कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, संजय कुमार सिंह, राजकिशोर चौधरी, कृष्णा पाल, अजय जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। सभी ने कहा कि पूर्व के पर्व-त्योहारों को जिस प्रकार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाते आये हैं, उसी प्रकार दुर्गा पूजा (दशहरा) त्यौहार को भी मनाएंगे एवं शांति व्यवस्था कायम रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, बेतिया, शौर्य सुमन, पुलिस अधीक्षक, बगहा, सुशांत कुमार सरोज, अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया, शम्भू कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, विनोद कुमार, निदेशक, डीआरडीए, अरुण प्रकाश, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेतिया सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, गौरव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा, रामनगर, नरकटियागंज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्य आदि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# बिहार राज्य मे कैंसर से बचाव के लिए मुफ्त टीका शुरू।

## गरीबों को कैंसर से बचाव के लिए प्रतिवर्ष 150 करोड़ होगा व्यय।

**(लोकतंत्र की शान/ शाहीन सबा)**

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना की विधिवत शुरूआत हो गई। इस दौरान 9 से 14 साल की बच्चियों को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीका लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा भी मौजूद रहे। दीघा विधानसभा के विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने भी इस अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अपने संबोधन में मंगल पाण्डेय ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 21 अगस्त 2024 को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना की स्वीकृति दी गई। जिसके तहत सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 09-14 वर्ष उम्र की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान देने की स्वीकृति हुई। 2011 की जनगणना के अनुसार इस आयु वर्ग की अनुमानित संख्या लगभग 1 करोड़ है। जिनको टीका का लाभ मिलेगा। इस टीकाकरण कार्यक्रम पर प्रतिवर्ष लगभग 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों से राज्य सरकार वहन करेगी। बिहार देश का पहला राज्य है जहां निःशुल्क एचपीवी टीका लगाने का ऐतिहासिक निर्णय हुआ है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव है, क्योंकि इसके लिए एक प्रभावी वैक्सिन उपलब्ध है। जो विशेष रूप से 09 से 14 साल की बालिकाओं पर प्रभावी रहता है। एचपीवी टीकाकरण का शुभारम्भ प्रथम चरण में राज्य के पांच जिलों पटना, नालंदा, सिवान, पूर्णिया एवं मुजफ्फरपुर में किया जा रहा है। इस वैक्सिन की दो खुराक का 6 माह के अंतराल पर 9 वर्ष से 14 वर्ष आयुवर्ग की सभी बालिकाओं को निःशुल्क दी जायेगी एवं राज्य में लगभग 1 करोड़ बालिकाओं को एचपीवी टीका से आच्छादित किये जाने का लक्ष्य है। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि इस योजना को सफल बनाने में हमारे साथ जुडें। यह केवल एक टीकाकरण योजना नही है, बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि जहां पहले राज्य में सिर्फ 10 या 12 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे। वहीं आज माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के संकल्प से बिहार में लगभग 35 मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर, जिसे गर्भाशय ग्रीवा या बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भी कहा जाता है, जो एक गंभीर बीमारी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर 5 सर्वाइकल कैंसर के मरीजों में से एक भारत में होता है और इसके मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में यह कैंसर मृत्यु-दर का एक प्रमुख कारण है और वयस्क महिलाओं में कैंसर से होने वाली सभी मौतों का लगभग 17 प्रतिशत हिस्सा है। अभी भारत में प्रत्येक वर्ष लगभग 1 लाख नए सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं। विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने भी इस मौके पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस योजना से समाज में जागरूकता बढ़ेगी और बालिकाओं को एक स्वस्थ भविष्य प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, संजय कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, शशांक शेखर सिन्हा, सी.ई.ओ, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, डॉ. मनीष मंडल, अधीक्षक, आईजीआईएमएस, डॉ राजेश तिवारी, प्रभारी निदेशक, आईजीआईएमएस, डॉ रविकांत सिंह, प्रभारी, होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर एवं डॉ विभूति सिन्हा, उप निदेशक आईजीआईएमएस व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।




# टीचरो को सम्मानित किया गया संस्था के द्वारा। सम्मान पाकर खुश हुए टीचर।



**बेतिया।** प्रोग्रेसिव प्रतियोगिता सेन्टर ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों को सम्मानित समारोह का आयोजन किया संस्था के सफल छात्रों ने अपने शिक्षक सुभाष चंद्र कुशवाहा को भी सम्मानित किया इस समारोह के मुख्य अतिथि सिकटा विधायक कामरेड वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सुभाष सर को अपार सफलता दिखाकर चंपारण की ऐतिहासिक धरती को बहुत ही गर्वानित किया है जिसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद सिकटा विधायक गुप्ता ने सभी सफल शिक्षक अभ्यर्थियों को सम्मानित किया विधायक ने एमजी पटेल नेशनल अवार्ड से सम्मानित होकर आए बिहार स्टेट उर्दू टीचर्स एसोसिएशन के राज्य सचिव सह जिलाध्यक्ष मोङ्ग फिरोज आलम को भी बधाई दिया और सम्मानित किया इस सम्मान समारोह को संबोधित कर ते हुए मोङ्ग फिरोज आलम ने कहा कि मुझे एमजी पटेल अवार्ड जो मिला है मैं अपने गुरु श्री कुशवाहा सर को समर्पित करता हू क्योंकि आज मैं जिस मुकाम को हासिल किया हू उसका पूरा श्रेय हमारे सुभाष सर को जाता है मैं तो एक के मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चल रहा था लेकिन सर के मार्गदर्शन से और मेरी प्रयास से मेरी जिंदगी बदल गई मंच का संचालन कर रहे गजेंद्र दास ने कहा कि सर के सानिध्य में आते ही मैं धन्य हो गया इसके बदौलत मै प्राथमिक शिक्षक बहाली से लेकर के प्लस टू शिक्षक बहाली तक का मैने तय किया और सफलतापूर्वक बीएससी एग्जाम पास कर कर यह मुकाम हासिल किया इस संस्था का मैं कर्जदार हू।इस संस्थान का सबसे कम उम्र मे विशाल कुमार ने बीएससी पास करके शिक्षण संस्थान का मान सम्मान बढ़ाया है इस सम्मान समारोह में नवीन कुमार सागर कुमार शकुंतला देवी श्वेता भारती अनुपम कुमारी सतीश कुमार विपिन कुमार रवि कुमार बलिराम कुमार सौरभ कुमार विशाल कुमार संदेश कुमार दीपक कुमार राधेश्याम कुमार यादव सहित अन्य सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

# लड़की के चक्कर में 16 वर्षीय युवक ने किया खुदखुशी, जांच में जुटी पुलिस।

**पश्चिम चंपारण।** जिला के नौतन स्थित प्रेम प्रसंग में 16 वर्षीय युवक ने पंखे में फंदा लगाकर खुदखुशी कर लेने का मामला सामने आया है. घटना नौतन थाना क्षेत्र के मंगलपुर बनकटवा ललन प्रसाद के पुत्र सूरज कुमार की है. 16 साल का युवक ने पंखा में लटक कर शनिवार की रात्रि जीवन की इहलीला समाप्त कर लिया. घटना की सूचना पर पहुंचीं नौतन पुलिस ने लाश को पंखे से उतार पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है. इस घटना को लेकर जितनी मुंह उतनी बात की चर्चा सुर्खियों में छाया हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार बनकटवा निवसाऐ ललन प्रसाद के दो लड़का और दो लड़की है. मृतक युवक सूरज कुमार विद्यालय नहीं जाता था. बताया जाता है कि शिवराजपुर पंचायत के एक औरत के साथ पिछले 4 साल से सूरज का अवैध संबंध था. प्रेमिका के किसी बात को लेकर युवक को अमरख लग गया. इससे गुस्साये युवक ने पंखे से लटक मौत का घाट उतर गया. परिजन अवैध संबंध बार बार विरोध करते थे, लेकिन युवक अपनी आदत से बाज नही आया. घटना के बाद माता सुभावती देवी का रोकर बुरा हाल है. गाँव में मातम का माहौल बना हुआ है सूत्रों का यह भी कहना है कि शिवराजपुर के जिस औरत के साथ में इसका अवैध संबंध था उसके साथ कितने बार पंचों के द्वारा पंचायती भी होने की चर्चा है.नौतन पुलिस ने रविवार को सुबह सूचना पर पहुंचने के बाद पंचनामा बना कर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया है।



# नवरात्रि में फिर मचेगी डांडिया की धूम, पटना में देशी डांडिया 1.0 में लोकगायिका देवी मचाएगी धमाल




**पटना से राकेश कुमार की रिपोर्ट**

**पटनाः** नवरात्रि में इस बार फिर से पटना में डांडिया का धूम मचेगा. डांडिया के साथ-साथ कई और कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा. इसी क्रम में जनपथ न्यूज द्वारा पटना के भागवत नगर स्थित राजमहल रिसोर्ट में 11 अक्टूबर 2024 यानि नवरात्रि के नवमी को शाम 6 बजे से देशी डांडिया 1.0 का आयोजन करने जा रहा है. रहा है. इस देशी डांडिया 1.0 में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका देवी अपने गानों से पटना के लोगों को झूमा देगी. कार्यक्रम के आयोजक प्रियंका ने बताया कि यह डांडिया नाइट न केवल सामाजिक उत्सव के रूप में मनोरंजन का केंद्र होगा बल्कि यह पारंपरिक और आधुनिकता का अनूठा संगम पेश करेगा. जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे. जहां वे रंग-बिरंगी पारंपरिक पोशाकों में सजकर डांडिया की लयबद्ध ताल पर नृत्य करते हुए एकजुटता का अनुभव करेंगे. इस प्रेस वार्ता में जनपथ न्यूज के संपादक राकेश कुमार, अधिवक्ता राजीव रंजन, समाजसेवी इंजीनियर अजय यादव व मीडिया वाली सृष्टि उपस्थित थे।

# बगहा में गैर मजरूआ मलिक जमीन को अतिक्रमण से मुक्त प्रशासन ने कराया।

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**

**बगहा।** पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित बगहा अनुमंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत तेसरहिया बथवारिया पंचायत के मानपुर मकरी में जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी अंचल अधिकारी बगहा - 1 नर्मदा श्रीवास्तव,थानाध्यक्ष बथुवारिया कामेंश कुमार भाग लिया। यह जमीन गैर मजरूआ मलिक का था, जो रास्ता कि जमीन थी, जिसे लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



# जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई संपन्न, बच्चों में दिखा उत्साह

**महोबा**

भवानीदीन राठौर इंटर कालेज जैतपुर में जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शनिवार को विकासखंड जैतपुर और विकासखंड पनवाड़ी क्षेत्र के डे? दर्जन से ज्यादा विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। क्रीड़ा प्रतियागिता दौरान छात्र छात्राओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। 1500 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ में श्रीहरवंश राठौर इंटर कालेज की प्रगति ने प्रथम स्थान पाया। राजकीय इंटर कालेज पनवाड़ी की शिवानी दूसरे और पं0 दीनदयाल उपाध्याय अजनर की प्रिंसी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

सीनियर बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में नेहरू इंटर कालेज मसूदपुरा के सुजीत कुमार अव्वल रहे जबकि हरवंश इंटर कालेज जैतपुर संजीव कुमार दूसरे और अटल ज्योति इंटर कालेज जैतपुर के प्रिंस यादव तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर सीनियर बालक वर्ग की दौरान में नेहरु इंटर कालेज मसूदपुरा के सुजीत कुमार ने पहला, भवानीदीन जीआईसी जैतपुर के सत्यम ने दूसरा और राजकीय इंटर कालेज जैतपुर के अशोक कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



सीनियर बालक वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में जनतंत्र इंटर कालेज कुलपहाड़ के अंकित ने प्रथम, पं0 दीनदयाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकुआं विद्यालय के मोनू ने दूसरा और जीआईसी जैतपुर के प्रमोद कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में पं0 दीनदयाल उपाध्याय कनकुआं की छात्रा जुमरत ने प्रथम, इसी कालेज की सोनम ने द्वितीय और इसी कालेज की खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग भाला फेक प्रतियोगिता में पं0 दीनदयाल उपाध्याय कनकुआं के मोनू ने पहला, अटल ज्योति जैतपुर के मनीष कुशवाहा ने दूसरा और पं0 दीनदयल उपाध्याय अजनर के विशाल ने तीसरा स्थान पाया।

बालिका वर्ग की भाला फेक प्रतियोगिता में पं0 दीनदयाल उपाध्याय कनकुआं विद्यालय की जुमरत अव्वल रहीं, जबकि पं0 दीनदयाल उपाध्याय अजनर की मोहिनी और भवानीदीन राठौर इंटर कालेज जैतपुर की मुस्कान ने तीसरा स्थान पाया। विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता को संपन्न कराने में व्यायाम शिक्षक नंदराम यादव ने सहयोग किया। इस मौके पर जगदेव वर्मा, नंदराम सिंह, शशि देवी, दया राम वर्मा, सुधीर कुमार पाठक, चंद्रनारायण, दीप्ति, कौशल्या श्रीवास, हेमेंद्र राठौर, संजय निरंजन, रणधीर राणा, गिरजाशंकर राठौर, प्रदीप सिंह यादव सहित विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# संतोष बने उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



**जसपुरा।** शनिवार को जसपुरा के ब्लॉक संसाधन समन्वयक केंद्र के सभागार में सर्व सम्मति से ब्लॉक कार्यकारणी का गठन किया गया।जिसमे से संतोष वर्मा अध्यक्ष,विवेक गुप्ता महामंत्री,रामकृपाल यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष,रत्नेश बाजपेई कोषाध्यक्ष,शंभू प्रजापति उपाध्यक्ष,आशीष सिंह उपाध्यक्ष,विनोद सोनकर संयुक्त मंत्री,कुलदीप यादव संगठन मंत्री,संध्या सिंह एवम मो. आसीन प्रचार मंत्री बनाए गए।वही पर जिला कार्यकारणी का विस्तार किया गया जिस पर राजवीर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया।विजय साहू,सुरेश पटेल,विज्ञान दीप,हर्ष शुक्ला को उपाध्यक्ष व आशुतोष शिवहरे, चंदीलाल यादव संगठन मंत्री तथा राजेश गुप्ता,सौरभ सिंह,राजेश राजपूत को प्रचार मंत्री बनाया गया।इस मौके पर केतराम पाल,शैलेंद्र मिश्रा,एस. डी. त्रिपाठी,आलोक यादव,रविकरण सैनी,आदित्य प्रकाश द्विवेदी, आदित्य नारायण शुक्ला आदि अध्यापक लोग मौजूद रहे।

**आम सूचना**


मेरा वर्ष 2014 इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक- 2691601 संस्थागत अंकपत्र सह प्रमाण-पत्र कहीं खो गया है जिसको काफी देखने के बाद भी कहीं नहीं मिला।

**रिषभ वर्मा पुत्र मुकेश वर्मा**
**निवासी : 167, शांति भवन ईसाई टोला झांसी (उ.प्र.)**


शनिवार को अंबाला में हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान वोट डालने के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री और लाडवा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नायब सिंह सैनी।


शनिवार को झज्जर में हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान वोट डालने के बाद पेरिस ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर।


शनिवार को कुरुक्षेत्र में भाजपा नेता नवीन जिंदल घोड़े पर सवार होकर अपना वोट डालने पहुंचे।


शनिवार को चरखी दादरी में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद पूर्व पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट और उनके परिवार के सदस्य।

## सार संक्षेप

### 'तनु वेड्स मनु 3' में ट्रिपल रोल निभाएंगी कंगना रनौत



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत फिल्म 'तनु वेड्स मनु 3' में ट्रिपल रोल निभाती नजर आ सकती हैं। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी फिल्म 'तनु वेड्स मनु' वर्ष 2011 में रिलीज हुई थी। इसकी दूसरी किस्त 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' वर्ष 2015 में प्रदर्शित हुई। दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा कलेक्शन किया। दोनों फिल्म में कंगना रनौत और आर. माधन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।अब दर्शकों को इसकी तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार है। कहा जा रहा है कि 'तनु वेड्स मनु' की तीसरी किस्त की तैयारी की जा रही है। चर्चा है कि निर्देशक आनंद एल राय और उनके राइटिंग पार्टनर हिमांशु शर्मा ने 'तनु वेड्स मनु 3' की कहानी को अंतिम रूप दे दिया है। कहा जा रहा है कि 'तनु वेड्स मनु 3' में कंगना रनौत ट्रिपल भूमिका में नजर आ सकती हैं। यदि सबकुछ सही रहा तो कंगना पहली बार तीन किरदार में नजर आयेंगी। 'तनु वेड्स मनु 3' की शूटिंग 2025 के मध्य में शुरू होने की संभावना है।

### शिक्षा किसी भी देश की प्रगति का मूल आधार है : राज्यपाल

**रांची:** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को दैनिक समाचार पत्र द्वारा होटल बीएनआर चाणक्या, रांची में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षाविदों और संस्थाओं को बधाई दी। राज्यपाल ने पत्रकारिता को लोकतंत्र का "चतुर्थ स्तंभ" बताते हुए कहा कि पत्रकारिता का दायित्व सिर्फ सूचना देना नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने और उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करने का भी माध्यम है। उन्होंने दैनिक भास्कर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के इस प्रयास की सराहना की।

### नाइजीरिया नाव दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हुई

**अबुजा:** मध्य नाइजीरिया में इस सप्ताह की शुरुआत में एक नाव दुर्घटना के बाद शुक्रवार को और शव बरामद किये गये जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। देश की आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख अब्दुल्लाही बाबा-आरा ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि गुरुवार से करीब 17 और शव बरामद किए गए हैं। इनमें से छह कल सुबह मिले, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गयी है। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू के प्रवक्ता ने कहा कि मंगलवार रात 300 से अधिक यात्रियों को ले जा रही नाव के डूबने के बाद करीब 25 शव बरामद होने की पुष्टि की गई थी। गुरुवार को 17 और शव बरामद किये गये। राष्ट्रपति के एक वरिष्ठ प्रवक्ता बायो ओनानुगा ने टीनुबू की ओर से जारी एक बयान में कहा कि मंगलवार देर रात मोकवा स्थानीय सरकारी क्षेत्र में नाइजर नदी के ऊपरी हिस्से जेबा बांध पर यात्रियों से भरी नाव के पलट जाने के बाद 150 से अधिक अन्य लोगों को बचाया गया।

### दरभंगा : 21 पंचायत के 85 गांव पूर्ण रूप से बाढ़ प्रभावित

**दरभंगा:** बिहार के दरभंगा जिले में गौड़ाबौराम, घनशयामपुर, किरतपुर एवं कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखण्ड के 21 पंचायत के 85 गांव पूर्ण रूप से बाढ़ प्रभावित हो गये हैं। दरभंगा जिला आपदा प्रबंधन शाखा ने शनिवार को यहां बताया है कि सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 39 स्थलों पर सामुदायिक रसोई घर चलाई जा रही है।पशुपालन विभाग द्वारा 158 क्विंटल पशुचारा का वितरण किया गया है। बाढ़ से अबतक 33,075 पशु प्रभावित हुए है, जिनमें किरतपुर अंचल में सर्वाधिक 12 हजार पशु बाढ़ से प्रभावित हुए है। पांच हजार 774 पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाया गया है एवं चिकित्साकृत किया गया है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के आवागमन के लिए 81 निःशुल्क नावों का परिचालन कराया जा रहा है।बाढ़ प्रभावित निष्क्रमित आबादी के बीच अब तक 24 हजार 466 पॉलीथिन शीट्स का वितरण किया गया है।
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 44 चापाकल लगवाया गया है तथा 09 वॉटर टैंक के माध्यम से पानी आपूर्ति किया जा रहा है एवं 70 शौचालय बनवाया गया है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बांध पर विद्युत आपूर्ति के लिये 23 जेनरेटर संचालित किए गए हैं।

# अब 8 अक्टूबर का इंतजार...

## जगाधरी में फर्जी मतदान पर जमकर हुआ हंगामा, नूंह-हिसार में झड़प

● हरियाणा, एजेंसी

**हरियाणा** में विधानसभा की 90 सीटों पर शाम 6 बजे मतदान खत्म हो गया। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में 61.32 फीसदी वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा वोटिंग यमुनानगर जिले में 67.93 फीसदी, जबकि सबसे कम वोटिंग 49.97 फीसदी गुरुग्राम में हुई। इसके अलावा, अंबाला में 62.26 फीसदी, भिवानी में 63.06 फीसदी, चरखी दादरी में 58.10 फीसदी, फरीदाबाद में 51.28 फीसदी, फतेहाबाद में 67.05 फीसदी, हिसार में 64.16 फीसदी, झज्जर में 60.52 फीसदी, जींद में 66.02 फीसदी, कैथल में 62.53 फीसदी, करनाल में 60.42 फीसदी, कुरुक्षेत्र में 65.55 फीसदी, महेंद्रगढ़ में 65.76 फीसदी, मेवात में 68.28 फीसदी, पलवल में 67.69 फीसदी, पंचकुला में 54.71 फीसदी, पानीपत में 60.52 फीसदी, रेवाड़ी में 60.91 फीसदी, रोहतक में 60.56 फीसदी, सिरसा में 65.37 फीसदी, सोनीपत में 56.69 फीसदी और यमुनानगर में 67.93 फीसदी वोटिंग हुई है। इन आंकड़ों में देर शाम तक बदलाव हो सकता है। चुनाव के नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

नूंह में वोटिंग के दौरान 3 जगह बवाल हुआ, जहां कांग्रेस, इनेलो-बसपा और निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच पथराव हुआ। इस पथराव में 2 लोग घायल हो गए। जींद के जुलाना



से कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट पर भाजपा प्रत्याशी ने बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया, जिसे फोगाट ने गलत बताया और कहा कि जुलाना में ईमानदारी से मतदान हुआ है। पंचकूला में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकताओं में झड़प हुई। फतेहाबाद में मतदान केंद्र पर हंगामा हुआ। सोनीपत में कवरिंग एजेंट बदलने पर विवाद हुआ, जिसमें 2 लोग घायल हो गए।हिसार में पूर्व वित्त मंत्री और नारनौंद से भाजपा उम्मीदवार कैप्टन अभिमन्यु और कांग्रेस उम्मीदवार जस्सी पेटवाड़ के समर्थक भिड़ गए, दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चले और एक-दूसरे पर फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया गया। महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी के धोखेरा गांव में भी मतदान के दौरान कांग्रेस और भाजपा कार्यकताओं में झगड़ा हुआ। रोहतक के महम से हरियाणा जनसेवक पार्टी के उम्मीदवार बलराज कुंडू ने कांग्रेस उम्मीदवार बलराम दांगी के पिता पर हमले का आरोप लगाया, जिससे उनके कपड़े फट गए। इसके अलावा, यमुनानगर में फर्जी वोट डालने के मामले में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने 2 लोगों को हिरासत में लिया। पानीपत में वोटिंग के दौरान हिंसा हुई, जहां इसराना विधानसभा के गांव नोहरा में वोटिंग को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया और एक युवक को चाकू मारा गया। करनाल के इंद्री में 4-5 युवकों के साथ मारपीट हुई, उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को वोट न देने के लिए उन्हें पीटा गया। हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए कुल 1031 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 101 महिलाएं और 464 निर्दलीय हैं। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में यहां 68.2 फीसदी मतदान हुआ था। उस समय फतेहाबाद, कैथल, जगाधरी और हथिन में 70 फीसदी से अधिक वोट पड़े थे जबकि गुरुग्राम, बडखल और तैगांव सबसे कम मतदान वाले क्षेत्र थे। यहां 50 फीसदी से कुछ अधिक वोट डाले गए थे।

# विस चुनाव में जीत हासिल करना एकमात्र लक्ष्य: नीतीश

● पटना, वार्ता

**बिहार** के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने स्पष्ट रूप से पार्टी नेताओं को टास्क देते हुए कहा कि अब एकमात्र लक्ष्य अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना है ।

कुमार ने शनिवार को यहां जदयू की राज्य कार्यकारिणी की पहली बैठक में साफ कहा कि एक मात्र लक्ष्य वर्ष 2025 का विधानसभा चुनाव जीतना है। उन्होंने पार्टी नेताओं को टास्क देते हुए कहा कि अभी से लग जाना है। उनकी सरकार ने जो काम किए हैं, उन्हें गांव-गांव तक पहुंचायें। राज्य में पहले क्या था और अब बिहार की क्या स्थिति है, इस बात को निचले स्तर पर ले जाएं। साथ ही लोगों को खासकर नए लोगों को यह जानकारी जरूर दीजिए। हमलोग वर्ष 2025 में अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव जीतें, इस पर काम करना है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि दो बार गलती कर दिए, अब आगे ऐसी गलती नहीं करेंगे। अब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से हाथ नहीं मिलाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार



से सहयोग मिल रहा है। राज्य कार्यकारिणी की बैठक के बाद जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री कुमार ने नेताओं को टिप्स दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमलोगों ने जो काम किए हैं, उस पर वोट मांगने जाएंगे। हमलोग पॉज़िटिव वोट लेने जाएंगे, हमलोग भावना नहीं भड़काएंगे। झा ने कहा कि हमलोगों का हमेशा से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की मांग रही है। केंद्र सरकार ने विशेष पैकेज देना शुरू किया है। इसके लिए हमारे नेता नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 220 सीट जीतने का लक्ष्य दिया है।

## 'पार्टी आलाकमान तय करेगा सीएम'

**हिसार :** हरियाणा में सिरसा लोकसभा सीट से सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को दोहराया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी आलाकमान नवनिर्वाचित विधायकों से चर्चा के बाद करेगा। कांग्रेस महासचिव सैलजा ने वोट देने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा चूंकि सत्ता में है, उनके लिये मुख्यमंत्री का चेहरा पेश करना स्वाभाविक है, लेकिन कांग्रेस विपक्ष में होने के कारण ऐसा नहीं कर सकती। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।



## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**उज्जैन :** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के भैंसाखेड़ी स्थित तालाब में मछली पकड़ने के दौरान डूबे युवक का शव शनिवार को तालाब से एसडीईआरएफ टीम ने बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के घटिया थाना क्षेत्र के भैंसाखेड़ी के तालाब में शुक्रवार सुबह पवन बाथम (19) मछलियां पकड़ने गया था। इसी दौरान वह तालाब में डूब गया। परिजनों से घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस तथा होमगार्ड की एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और देर शाम तक उसकी तलाश की गई। उसका शव आज सुबह तालाब से बरामद कर लिया गया है। मृतक इंदौर जिले के देपालपुर के बनेडिया गांव का निवासी था। वह यहाँ परिजनों द्वारा ठेके पर लिए गए तालाब में मछलियां पकड़ने का काम करता था। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## राकांपा नेता सचिन कुर्मी की हत्या

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)-अजीत पवार गुट के नेता सचिन कुर्मी की शुक्रवार देर रात मुंबई के भायखला इलाके में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी। यह घटना भायखला में महाडा कॉलोनी में शुक्रवार आधी रात को हुई। घटना के तुरंत बाद उन्हें पुलिस सरकारी जे.जे. अस्पताल ले गई लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि सचिन कुर्मी पर किसने हमला किया और उनका मानना है कि घटना में दो-तीन लोग शामिल थे। पुलिस ने घटना स्थल और आसपास के इलाके की सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर ली है। पुलिस के एक आला अधिकारी और मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गयी है।


कोल्हापुर के भगवा चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# गलत सूचना से राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान

## प्रौद्योगिकी के युग में जिम्मेदार रिपोर्टिंग की आवश्यकता: धनखड़

● नई दिल्ली, वार्ता

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने गलत सूचना, सनसनीखेज और राष्ट्रविरोधी बयानों से उत्पन्न खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए मीडिया से इन खतरों का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने का आह्वान किया है।

धनखड़ ने शनिवार को यहां एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गलत सूचना और सनसनीखेजता राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति ने संपादकीय स्थान को



लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में काम करना चाहिए और प्रौद्योगिकी के युग में जिम्मेदार रिपोर्टिंग की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने तेजी से बदलती तकनीकी उथल-पुथल के दौर में जिम्मेदार मीडिया की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने सार्वजनिक संवाद की शुचिता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, कि संपादकीय को जनता को सूचित और संवेदनशील बनाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मीडिया लोकतंत्र का प्रहरी बना रहे। उन्होंने कहा कि झूठे बयान और सनसनीखेज बातें भले ही रोचक हों, लेकिन वे राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान पहुंचाती हैं। मीडिया को इन ताकतों को बेअसर करना चाहिए और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर जोर देते हुए श्री धनखड़ ने मीडिया से पूर्वोत्तर के लिए राजदूत के रूप में काम करने और इसकी पर्यटन क्षमता और विकासात्मक प्रगति को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पूर्वोत्तर केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि संस्कृतियों, परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता का एक जीवंत दृश्य है।

# कांग्रेस केवल 'लूटना' जानती है: मोदी

● वाशिम (महाराष्ट्र), वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के मूड में प्रवेश कर रहे महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को विपक्षी कांग्रेस और महा-अघाड़ी गठबंधन पर तीखे हमले करते हुये कहा कि कांग्रेस केवल 'लूटना जानती है' और 'गरीब भारत' उसकी राजनीति को बहुत सूट करता है। मोदी वाशिम में एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां से उन्होंने वाशिम में कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र से संबंधित लगभग 23,300 करोड़ रुपये की विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया और देश के लगभग 9.4 करोड़ किसानों को लगभग 20,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त वितरित करने के साथ-साथ महाराष्ट्र में लगभग 2,000 करोड़ रुपये की नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना की पांचवीं किस्त शुरू की।

मोदी ने यह भी कहा कि दिल्ली में पिछले दिनों हजारों करोड़ रुपये का ड्रग्स पकड़ा गया और ड्रग्स



के उस ड्रग्स रैकेट का मुख्य सरगना कांग्रेस का एक नेता निकला। उन्होंने कहा कि काँग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेल कर उस पैसे से चुनाव लड़ना और जीतना चाहती है। हमें इस खतरे से सावधान रहना है और दूसरों को भी सावधान करना है। हमें साथ मिलकर ये लड़ाई जीतनी होगी। उन्होंने वाशिम से ही कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के तहत 1,920 करोड़ रुपये से अधिक की 7,500 से अधिक परियोजनायें तथा लगभग 1,300 करोड़ रुपये के संयुक्त कारोबार वाले 9,200 किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) राष्ट्र को समर्पित किया सभा स्थल से ही प्रधानमंत्री ने पशुओं के लिये एकीकृत जीनोमिक चिप और स्वदेशी सेक्स-सॉर्टेड वीर्य प्रौद्योगिकी का शुभारंभ किया तथा मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना के तहत महाराष्ट्र भर में 19 मेगावाट की कुल क्षमता वाले पांच सौर पार्क समर्पित किये। इस अवसर पर मोदी ने स्थानीय सांस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से महत्वपूर्ण एक बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन करते हुये कहा कि हमारे बंजारा समुदाय ने भारत के सामाजिक जीवन में, भारत के विकास की यात्रा में बड़ी भूमिका निभाई है और इस समुदाय ने ऐसे ऐसे कई संत दिये हैं, जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक चेतना को अपार ऊर्जा दी है।


शनिवार को झारखंड के खूंटी में झारखंड राज्य विधानसभा चुनाव से पहले एक रैली को संबोधित करतीं झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन।



प्रो. हिमांशु राय
निदेशक, आईआईएम इंदौर

# स्वधर्म और पर-धर्म : एक आध्यात्मिक अन्वेषण

मनुस्मृति में स्वधर्म (स्वयं का कर्तव्य) और पर-धर्म (दूसरों के कर्तव्य) की अवधारणाएं दर्शन प्रस्तुत करती हैं जो आध्यात्मिकता से पूर्ण हैं। ये दो अवधारणाएं मानव अस्तित्व का आधार हैं और वह मार्गदर्शक सिद्धांत हैं जो या तो किसी की आध्यात्मिक यात्रा को आगे बढ़ा सकती हैं या आंतरिक संघर्ष और असामंजस्य की ओर ले जा सकती हैं।

स्वधर्म हमारा अंतर्निहित स्वभाव, जीवन में स्थिति और व्यक्तिगत परिस्थितियों द्वारा निर्धारित हमारे कर्तव्यों को संदर्भित करता है। यह हर मनुष्य में उपस्थित उसके अद्वितीय और अनन्य गुणों, प्रतिभाओं और सामाजिक भूमिकाओं के साथ संरेखित अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के महत्व पर जोर देता है। दूसरी ओर, पर-धर्म उन कर्तव्यों से संबंधित है जो दूसरों से अपेक्षित हैं, जिन्हें अक्सर सामाजिक या पारिवारिक अपेक्षाओं के संदर्भ में तैयार किया जाता है। इन दोनों में तनाव तब उत्पन्न होता है जब कोई व्यक्ति दूसरे के कर्तव्यों को अपनाने के लिए मजबूर महसूस करता है- जिससे व्यक्तिगत आकांक्षाओं और सामाजिक दायित्वों के बीच संघर्ष होता है। यह संघर्ष अक्सर अपर्याप्तता, हताशा और आध्यात्मिक असंतोष की भावनाओं में प्रकट होता है।

भगवद्गीता में अर्जुन कि स्थिति भी इस प्रकार व्यक्त होती है। वह अपने ही रिश्तेदारों के खिलाफ युद्ध करने की नैतिक दुविधा का सामना करता है, और स्वयं को संदेह से पूर्ण पाता है। उसका आंतरिक संघर्ष एक क्षत्रीय (योद्धा) के रूप में उसके स्वधर्म और पारिवारिक वफादारी के पर-धर्म के बीच तनाव का प्रतीक है। अंततः श्रीकृष्ण अर्जुन को उसके कर्तव्य की याद दिलाते हैं। 'किसी दूसरे के धर्म में महारत हासिल करने की अपेक्षा अपने धर्म को अपूर्ण रूप से निभाना बेहतर है।' यह ज्ञान स्वधर्म के सार को समाहित करता है और हमें बताता है कि आध्यात्मिक विकास के लिए अपने लिए तय मार्ग को अपनाना आवश्यक है।

यह इसलिए भी आवश्यक है कि स्वधर्म से भटकने से आध्यात्मिक रूप से बहुत अधिक असंगति हो सकती है। जब हम पर-धर्म की खोज में अपने निहित कर्तव्यों की उपेक्षा करते हैं, तो वे अपने सच्चे स्व से वियोग का अनुभव कर सकते हैं। यह वियोग अक्सर उद्देश्यहीनता की भावना को जन्म देता है, क्योंकि फिर हमारे कार्य हमारे आंतरिक स्वभाव से मेल नहीं खाते। परिणाम स्वरूप न केवल व्यक्तिगत पीड़ा होती है, बल्कि सामाजिक असंतुलन भी होता है।



उदाहरण के लिए, यदि कोई प्रतिभाशाली कलाकार समाज में अधिक 'स्वीकार्य' व्यवसाय को अपनाने के लिए अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति को त्याग देता है, तो वह आध्यात्मिक पूर्ति की कीमत पर सांसारिक सफलता प्राप्त कर सकता है। यह संघर्ष आक्रोश और खालीपन की भावनाओं को जन्म दे सकता है, क्योंकि व्यक्ति अपने सच्चे आह्वान का पालन करने से उत्पन्न होने वाली प्रसन्नता तक पहुंचने में असमर्थ होता है।

आध्यात्मिकता का मार्ग हमें स्वधर्म को पूरे दिल से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। जब कोई व्यक्ति अपने कर्तव्यों को लगन से पूरा करता है, तो वह समाज के समग्र सामंजस्य और संतुलन में योगदान देता है। जिस प्रकार बूंद-बूंद से सागर बनता है, असंख्य सितारों से ब्रह्माण्ड बनता है- जिस प्रकार सूर्य और चन्द्रमा अपने निहित स्थानों पर हैं- अगर वे वहां नहीं होते, तो क्या यह पृथ्वी भी होती? तो इस प्रकार, जब हम हमारे लिए तय मार्ग पर ही अग्रसर होते हैं, तो यह सिद्धांत ब्रह्मांड के रूपक में प्रतिध्वनित होता है। यहां प्रत्येक तारे और ग्रह की अपनी कक्षा होती है, फिर भी वे एक साथ मिलकर एक सुंदर ब्रह्मांड बनाते हैं। तो जब हम अपने स्वधर्म का सम्मान करते हैं, तो हम अपने आप को ब्रह्मांड की प्राकृतिक व्यवस्था के साथ जोड़ते हैं, उस अनंत ज्ञान का दोहन करते हैं जो हमारे अस्तित्व का मार्गदर्शन करता है।

प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि अपने कर्तव्य को पूरा करने से मोक्ष (मुक्ति) की प्राप्ति होती है क्योंकि यह व्यक्तिगत विकास और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ावा देता है। किन्तु वर्तमान प्रतिस्पर्धी दुनिया में स्वधर्म और पर-धर्म के बीच संघर्ष तेजी से बढ़ रहा है। कई व्यक्ति पारंपरिक भूमिकाओं के अनुरूप होने या अपने जुनून की कीमत पर आकर्षक करियर बनाने के लिए सामाजिक दबावों से जूझते हैं। कार्यस्थल अक्सर अनुरूपता की मांग करता है, जिससे व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के लिए बहुत कम स्थान बचता है। ऐसे में आवश्यक है कि व्यक्ति व्यक्तिगत रुचियों के साथ दायित्वों को संतुलित करने का प्रयास करें। इससे स्वधर्म और पर-धर्म दोनों का सम्मान करना संभव है।

निश्चित ही स्वधर्म और पर-धर्म को समझना जटिल है। इसके लिए आत्म-जागरूकता और उद्देश्य की स्पष्टता विकसित होना भी आवश्यक है। स्वयं से प्रश्न पूछिए, कि मेरी अनूठी प्रतिभाएँ क्या हैं? मेरी शक्ति क्या है? मैं अपने गुणों और कौशलों से किस प्रकार किसी अन्य का कल्याण कर सकता हूँ? मुझे क्या खुशी देता है? मैं खुद के प्रति सच्चे रहते हुए दुनिया में कैसे योगदान दे सकता हूँ?

इसके अलावा, दूसरों के कर्तव्यों को पहचानने में करुणा महत्वपूर्ण है। यह समझना कि हर कोई अपनी-अपनी यात्रा पर है, सहानुभूति को बढ़ावा देता है, जिससे समाज के भीतर विविध भूमिकाओं के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व का निर्माण होता है। हो सकता है आपका मार्ग सही हो – किन्तु दूसरे का गलत ही है – यह भी सत्य नहीं। दूसरों को उनके स्वधर्म में समर्थन देकर, हम सामूहिक उत्थान में योगदान दे सकते हैं। दोनों स्थितियों में तनाव मानव अनुभव का एक कालातीत प्रतिबिंब है। जैसे-जैसे हम अपने कार्यों को अपने आत्म के साथ जोड़ते हैं, हम एक सामंजस्यपूर्ण अस्तित्व के सह-निर्माता बन जाते हैं, तथा अपने आधुनिक जीवन में भी इस दर्शन के सार को अपनाते हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
चिंतक-विश्लेषक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उप्र

# देवी उपासक है भारत का लोकजीवन

माँ प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। हम सबका अस्तित्व माँ के कारण ही है। माँ न होती तो हम न होते। माँ स्वाभाविक ही दिव्य हैं, देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में "या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमोनमः" कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। ऋषियों ने इसीलिए माँ को देवी जाना और देवी को माता कहा। मां के निकट होना आनंददायी है। हमारी भाषा में निकटता के लिए 'उप' शब्द का प्रयोग हुआ है। 'उप' बड़ा प्यारा है। इसी से 'उपनिषद' बना। उप से उपासना भी बना है। उपनिषद् का अर्थ है-ठीक से निकट बैठना। उत्तरवैदिक काल में इसका प्रयोग आचार्य और शिष्य की ज्ञान निकटता था। उपासना का अर्थ भी निकट होना है। उपवास का भी अर्थ 'उप-वास' निकट रहना है। उपवास का अर्थ दिव्यता की निकटता है। दिव्यता की निकटता से भोजन बेमतलब हो जाता है। उपासना और उपवास एक जैसे हैं। व्रत का अर्थ नियमपालन है। तैत्तिरीय उपनिषद् में "नियम से भोजन करने को व्रत" कहा गया। व्रत उपवास दरअसल आंतरिक अनुशासन है। ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण ऊर्जा से स्वयं को जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी भी मां है। वही मूल है, वही आधार है। इस पर रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी की गोद में जाना सतत प्रवाही जीवनक्रम है। ऋग्वेद के ऋषियों के लिए पृथ्वी माता है। माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वनस्पतियां धारण करती हैं।

ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं "वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। प्रार्थना है कि मेरी स्तुतियाँ सुनो।" (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। प्रकृति की शक्तियां स्त्रीलिंग या पुल्लिंग नहीं हो सकती। देवरूप माँ की उपासना अतिप्राचीन है। सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। ऋग्वेद में भी यही धारणा है। अधिकांश



विश्वदर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में 'जल माताएं' आपः मातरम्-हैं और देवियां हैं। ऋग्वेद के अपो देवीः और आपों मातरः गम्भीर अर्थ वाले हैं। उन्हें बहुवचन रूप में याद किया गया है। भारत में सामाजिक विकास के आदिम काल में ही जल माताओं की उपासना जारी है। संसार के प्रत्येक जड़ चेतन को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैः विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बड़े प्रभावशाली देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया हैः तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6)

ऋग्वेद अथर्ववेद में अदिति भी देवी है। आदित्य-सूर्य उनके पुत्र हैं। अदिति माता पिता हैं और अदिति ही पुत्र भी हैं। अदिति जैसा देव प्रतीक (या देवी) विश्व की किसी भी संस्कृति में नहीं है "जो कुछ हो चुका-भूत और जो आगे होगा वह सब अदिति हैं।" ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वे रूद्र और वसुओं के साथ चलती हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त (10.125) में कहती हैं- "मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूँ। मित्र, वरूण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। प्राणियों की श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूँ। मेरा उद्गम आकाश में अप् (सृष्टि निर्माण का आदि तत्व) है। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूँ आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है'। (10.125.3)

सूर्योदय के पूर्व का सौन्दर्य हैं ऊषा। ऋग्वेद के एक सूक्त (1.124) में ऊषा की स्तुति में कहते हैं "ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं और मनुष्यों की आयु को लगातार कम करती हैं।" (वही मन्त्र 2) फिर कहते हैं, "ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी मर्यादा मार्ग से ही चलती है।" (वही, 3) ऊषा देवी हैं, इसीलिए उनकी स्तुतियाँ है, "वे सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं, छोटे से दूर नहीं होती, बड़े का त्याग नहीं करती।" (वही, 6) यहां समत्व दृष्टि की सीधी चर्चा है। ऋग्वेद में "सम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती हैं।" (1.123.2) प्रार्थना है कि "हमारे मुख दिव्य स्तुति गान करे। बुद्धि सत्कर्मो को प्रेरित करे।" (वही, 6) ऊषा सतत्प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी और सूर्य देव के पहले आएगी।" (वही, 8)

भारत का लोकजीवन देवी उपासक है। वह सब तरफ माता ही देखता है। देवी उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद के ऋषि समाज व्यवस्था से ही सामग्री लेते हैं, जो देखते हैं, वही गाते हैं। वे द्रष्टा ऋषि हैं। यहां पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये ऋग्वेद में तीन देवियां कही गयी हैं-इडा, सरस्वती, मही तिस्रो देवीर्मयो भुव।" (1.13.9) एक मंत्र (3.4.8) में 'भारती को भारतीभिः' कहकर बुलाया गया है-आ भारती भारतीभिः। यहां भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। फिर कहते हैं "सजोषा इडा देवे मनुष्ये - इडा देवी मनुष्यों देवों के साथ यज्ञ अग्नि के समीप आयें और सरस्वती वाक्शक्ति के साथ पधारें।" सरस्वती पहले नदी हैं, माता हैं। बाद में वे ज्ञान की देवी हैं, माता तब भी हैं। यज्ञ में मन्त्र पाठ के कारण ऋषियों की वाणी को भारती कहा गया। यज्ञ की विभिन्न क्रियाओं को देवी रूप कल्पित करके उन्हें होत्रा, इडा आदि नाम दिए गये। इडा यज्ञ कर्म की प्रतीक है, यज्ञ की अग्नि भारत है, यज्ञ में काव्य पाठ करने वालों की वाणी भारती है। मन की चंचलता कर्म साधना में बाधक है। मन की शासक देवी का नाम 'मनीषा' है। ऋषि उनका आवाहन करते हैं "प्र शुकैतु देवी मनीषा"। (7.34.1)

प्रत्यक्ष देखे, सुने और अनुभव में आए दिव्य तत्वों के प्रति विश्वास बढ़ता है, पक्का विश्वास प्रगाढ़ भावदशा में श्रद्धा बनता है। ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, "श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह नः"-हम प्रातः काल श्रद्धा का आवाहन करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आवाहन करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) यहां श्रद्धा जीवन और कर्म की शक्ति हैं, श्रद्धा से ही श्रद्धा की याचना में गहन भावबोध है। श्रद्धा का मतलब अंधविश्वास नहीं है। श्रद्धा विशेष प्रकार की दिव्य चित्त दशा है और प्रकृति की विभूतियों में शिखर है-श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि। (10.151.1) देवी उपासना प्रकृति की विराट शक्ति की ही उपासना है। मूर्ति, बिम्ब और प्रतीक नाम ढेर सारे हैं-दुर्गा, महाकाली, महासरस्वती, महालक्ष्मी या सिद्धिदात्री आदि कोई नाम भी दीजिए। देवी दिव्यता हैं। माँ हैं। सो पालक हैं। भारत स्वाभाविक ही नवरात्रि उत्सवों के दौरान शक्ति उपासना में तल्लीन है।

# अहं और वहं के चेहरे



नागेश्वर सोनकेशरी
गुरु मंत्र

नवरात्र चल रही है, और साथ में लोग इस समय माँ की भक्ति में डूबे हुए हैं। माँ भगवती ने अहंकार से चूर राक्षसों का हर कालखंड में वध किया है। ये अहंकार बढ़ता कैसे है और इसका क्या परिणाम होता है? आओ समझते हैं।

अहं और वहं से बहुत कम लोग ही अछूते बच पाते हैं। इन दोनों की मात्रा जीवन को नरक बना देती है। जब आदमी वहम में होता है, तो उसे रास्ता काटती बिल्ली, आसमान से टूटता तारा, काना चेहरा और तो और हर एक की शक्ल शकुनि-अपशकुनि तक नजर आ सकती है। मीलों दूर से छींक आती सुनाई पड़ सकती है। अगर वह कुछ नहीं देख या सुन पाता है तो बस अपने आपको और अपने दिमाग की आवाज़ को। ऐसा व्यक्ति अपने आप पर विश्वास खो देता है और धारणाओं के आधार पर अंधविश्वास का शिकार हो जाता है।

> अहं और वहं से बहुत कम लोग ही अछूते बच पाते हैं। इन दोनों की मात्रा जीवन को नरक बना देती है। जब आदमी वहम में होता है, तो उसे रास्ता काटती बिल्ली, आसमान से टूटता तारा, काना चेहरा और तो और हर एक की शक्ल शकुनि-अपशकुनि तक नजर आ सकती है।


ठीक इसी तरह जो व्यक्ति अहं में होता है उसे भी 'मैं' और 'मेरा' छोड़ कर कुछ और नहीं दिखता, किसी नजदीकी की बेहद जरूरी बात भी बेमानी और अनदेखी करने लायक लगती हैं। ऐसा व्यक्ति अपने ज्ञान, रूप या पैसे के अहं में चूर, समाज से कटा रहता है। मगर ऐसा भी नहीं है कि अहं हर स्वरूप में बेकार की चीज है। क़ायदे से देखा जाए तो किसी भी इंसान में थोड़ी मात्रा में अहं का होना भी जरूरी है, लेकिन उतना ही जितना दाल में नमक आवश्यक होता है। उदाहरण के लिये खुद पर भरोसे का अहं व्यक्ति को झुकने नहीं देता है, लेकिन इस स्तर के अहं को स्वाभिमान कहा जाता है। इस तरह हर किसी के पास स्वाभिमान जितना अहं होना जरूरी है। इससे ज़्यादा अहंकार चरित्र बिगाड़ देता है। अहंकार अत्याधिक महत्वाकांक्षा और स्वयं को सर्वोत्कृष्ट मानने और दिखाने की भावना है।

कई बार अहं और अहंकार के बीच एक कड़ी होती है, जो दोनों को जोड़े रखती है। जब हम कहते हैं कि 'मैं वहाँ नहीं जा सकता जहाँ मेरी कद्र न हो', तो यह स्वाभिमान है। इसकी रक्षा हमें करनी चाहिए। मगर जब हम कहते हैं 'मुझे सब कुछ आता है, मुझे ज्ञान मत दो' तो यह हमारा अहंकार बन जाता है। स्वाभिमान और अहंकार के अंतर को कालिदास से जुड़ी कहानी से समझा जा सकता है। कालिदास को अपनी विद्वता का अहंकार हो गया। उन्हें जब लगने लगा कि कोई शास्त्रार्थ में हरा नहीं सकता तो माँ सरस्वती स्वयं एक नन्ही बालिका के रूप में कुएँ में आ खड़ी हुईं। बहुत ज़ोर की प्यास लगने पर कालिदास ने कुएँ में खड़ी उस बालिका से जल माँगा। उस बालिका ने परिचय देने की शर्त पर ही जल पिलाना स्वीकार किया, और स्वयं का परिचय तक कालिदास दे नहीं पाए। कथा के मुताबिक अहंकार में चूर होने के कारण माँ सरस्वती को नहीं पहचान पाए फिर निरुत्तर कालिदास ने माँ सरस्वती से क्षमा माँग जल पीकर प्रस्थान किया।

अहंकार ऐसा ही होता है वह हमारे ज्ञान चक्षुओं को बंद कर देता है, जिसके कारण हमें अपने आसपास की चीजें दिखाई पड़ना बंद हो जाती हैं। हम अपने से अलग कुछ नहीं जान पाते। यही सोच विनाश का कारण बन जाती है। अहं में डूबे इन्सान को यह वहम हो जाता है कि उससे महान कोई और है ही नहीं। अगर इस भावना का समय रहते उपचार नहीं हुआ तो जीवन बड़ी मुसीबत में फँस जाता है। इसिलिए अहं और वहम से हम दूर रहें तो ही बेहतर है।

## मोदी सरकार के शक्ति को समर्पित नौ सार्थक प्रयास

# सामाजिक शक्ति : मुख्यधारा में समाहित होता जनजाति समाज



शाहीन सबा



विकसित भारत के नव अनुष्ठान : चतुर्थ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार देश में जनजाति समाज की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूल मंत्र को आत्मसात कर केंद्र सरकार अपनी पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनजाति समाज को मुख्यधारा में समावेश करने को संकल्पित है।

अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा की। साथ ही जनजातीय संबंधित मंत्रालय के लिए बजटीय आवंटन में भी लगभग 70 प्रतिशत राशि की वृद्धि की है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में अपने बजट भाषण के दौरान कहा था कि जनजाति बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजाति परिवारों को विकास के दायरे में लाकर उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसमें देशभर के 63,000 जनजाति गांवों को शामिल किया जाएगा, जिससे पांच करोड़ जनजातियों को लाभ होगा। सरकार ने अपने बजट में भी जनजातीय मामलों के मंत्रालय को 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। ऐसे प्रयास सरकार की जनजाति समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

वर्ष 2021 में भारत सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस दिन को अब प्रतिवर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिन जनजाति नायक स्वतंत्रता सेनानी के शौर्य को समर्पित किया गया, जिससे आने वाली पीढ़ियां देश के वीर नायकों की त्याग, तपस्या और बलिदान से परचित हो सकें। साथ ही साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत की रक्षा और राष्ट्रीय गौरव के मूल्यों को बढ़ाने के लिये जनजातीय नायकों के प्रयत्नों को जान सकें। कुछ समय पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झाबुआ में आयोजित जनजातीय महासभा में 7550 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया था एवं मध्यप्रदेश के जनजाति गौरव टंट्या मामा भील के नाम पर भी विश्व विद्यालय के स्थापना की घोषणा की थी।



सरकार के नेतृत्व में एक मजबूत लोकतंत्र और प्रबल इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति है। जनजाति समाज से आने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति हैं। शपथ ग्रहण के साथ ही वे देश की सबसे युवा राष्ट्रपति और इस पद तक पहुंचने वाली दूसरी महिला भी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू के कारण आज उनके समुदाय का इतिहास और भाषा इस वक्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय है।

जनजाति समाज के उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। हाल ही में सरकार ने पीएम जनमन (पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) की शुरूआत की है। इस योजना का उद्देश्य 18 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में रहने वाले 75 विशेषरूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) जो कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के सामाजिक आर्थिक संकेतकों में लगातार पिछड़ रहे हैं, का समुचित विकास करना है। इसके लिये सरकार द्वारा 24,104 करोड़ रूपये का कुल बजट रखा गया है।

दूरदराज पिछड़े व ग्रामीण क्षेत्रों में जनजाति छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए सरकार द्वारा 6,399 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। इन विद्यालयों में सरकार द्वारा 38,000 अध्यापकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। इसका 3.5 लाख जनजाति छात्रों को सीधा लाभ पहुंचेगा। आज की स्थिति में शासन स्तर पर 694 विद्यालयों को मंजूरी दी गई है। इस योजना को अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ भी जोड़ दिया गया है जिससे यह सुनिश्चित होगा कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके।

इसके साथी ही प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम) का उद्देश्य जनजातीय उद्यमशीलता प्रयासों को मजबूती देने और अधिक सक्षम, समान, स्व-व्यवस्थित, गैर-कृषि उद्यमों को बढ़ावा देकर आजीविका के अवसरों को बढ़ाना है। सरकार द्वारा 3,958 वन धन विकास केन्द्रों को मंजूरी दी जा चुकी है जिससे 11,83,412 व्यक्तियों को सीधा लाभ पहुंचा है।

अन्य योजनाओं की बात की जाये तो कौशल भारत मिशन के तहत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय जनजाति समाज सहित समाज के सभी वर्गों के लिये कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 6.5 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण, जो ग्रामीण विकास विभाग 01 अप्रैल 2016 से चला रहा है, इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिये आवास लक्ष्य को हासिल करने के लिये इसके तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पक्का घर बनाने के लिये सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत एसटी के लिये 65.54 लाख आवासों के लिये मंजूरी दी जा चुकी है, जिसमें से 52.54 लाख मकानों का निर्माण पूरा भी हो चुका है। जल जीवन मिशन केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के जरिये पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना है। इस योजना के तहत एसटी सघनता वाले जनजाति क्षेत्रों में करीब 1.35 करोड़ परिवारों को पाइप के जरिये जलापूर्ति सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों को 2 अक्टूबर 2019 तक खुले में शौच से मुक्त करने के उद्देश्य के साथ 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत 2014- 15 के बाद से 1.48 करोड़ एसटी परिवारों के लिये शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। साथ ही साथ सरकार विशेष रूप से जनजाति समाज में व्याप्त सिकल सेल बीमारी को समाप्त करने के लिये भी काम कर रही है। यह एक रक्त समस्या से जुड़ी अनुवांशिक बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिये प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में 1 जुलाई 2023 को सिकल सेल एनीमिया प्रोग्राम लांच किया था। सरकार के यह सभी सशक्त प्रयास जनजाति समाज को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उसकी संकल्पित शक्ति को दर्शाता है।

## पुस्तक समीक्षा



सुदर्शन व्यास
साहित्यकार एवं पत्रकार

# पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का दस्तावेज है – '...लोगों का काम है कहना'

लोगों का काम है कहना...' पुस्तक का आखिरी पन्ना पलटते समय संयोग से महात्मा गांधी का एक ध्येय वाक्य मन–मस्तिष्क में गूंज उठा – 'कर्म ही पूजा है'। जब मैं इस किताब को पढ़ रहा था तो बार–बार महात्मा गांधी का ये वाक्य सहसा अंतर्गन में सफर कर रहा था। ये कहूँ तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बापू के इस विचार को चरितार्थ उस शख्सियत ने किया है जिनके जीवनवृत्त पर ये पुस्तक लिखी गई है। प्रो. (डॉ) संजय द्विवेदी भारतीय मीडिया जगत में सुपरिचित और सुविख्यात नाम हैं। वरिष्ठ पत्रकार और मीडियाकर्मियों के लिए ये नाम इसलिए जाना–पहचाना है क्योंकि संजय जी अनथक मीडिया के विभिन्न आयामों के जरिये सक्रिय रहते हैं। पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए यह नाम बड़े आदर से लिया जाता है। उल्लेखनीय है कि पत्रकारिता के विद्यार्थी संजय जी को मीडिया गुरु कहना ज्यादा पसंद करते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मैंने देखा है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलसचिव तथा प्रभारी कुलपति की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए भी विद्यार्थियों को बतौर शिक्षक पढ़ाना उनकी दैनंदिनी रही थी। इसीलिए प्रो. (डॉ) संजय द्विवेदी देशभर में पत्रकारिता के कुनबे की हर पीढ़ी में एक पत्रकार, एक शिक्षक, एक लेखक, एक विश्लेषक, एक विचारक और मीडिया गुरू के रूप में सम्मान के साथ याद किये जाते हैं।

प्रो. (डॉ) संजय द्विवेदी पर एकाग्र पुस्तक 'लोगों का काम है कहना...' उनके व्यक्तित्व के साथ ही कृतित्व पर मूलतः आधारित है। पुस्तक में देश के 14 मूर्धन्य विद्वानों द्वारा द्विवेदी जी के विचारों, उनके लेखकीय और प्रशासकीय यात्रा का जिस तरह से वर्णन किया है, इससे यह स्पष्ट होता है कि अपने जीवन का एक–एक क्षण पत्रकारिता और लेखन को




समर्पित कर देना संजय जी का मानो एकमात्र लक्ष्य हो। वैसे, प्रो. द्विवेदी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित यह पहली पुस्तक नहीं है। इससे पहले 'कुछ तो लोग कहेंगे', 'संजय द्विवेदी का सृजन संसार' और 'जो कहूंगा सच कहूंगा' प्रकाशित हो चुकी हैं और इन पुस्तकों को मीडिया के मोहल्ले में खूब सराहा भी गया। '...लोगों का काम है कहना' शीर्षक अपने आप में प्रो. द्विवेदी के विचारों को सु-स्पष्ट करता है। मैं पुस्तक के संपादक लोकेन्द्र सिंह को बधाई दूंगा कि उन्होंने यह शीर्षक चुना। यह शीर्षक ही अपनेआप में एक बड़ा अध्याय या कहूं कि किताब की तरह है, जो कि प्रो. द्विवेदी के जीवनवृत्त को उजागर करता है। प्रो. द्विवेदी के व्यक्तित्व से स्पष्ट झलकता है कि वे अपने काम में सदैव मगन होकर, व्यर्थ में एक क्षण गवाएँ बिना अपने लेखन कार्य के माध्यम से देश तथा समाजहित में सदैव कार्यरत रहते हैं। 'कुछ तो लोग कहेंगे या लोगों का काम है कहना' – ये विचार आदरेय संजय जी का जीवन दर्शन है, क्योंकि ये कहने की जिम्मेदारी उन्होंने लोगों को देकर रखी है। यही कारण भी है कि वे डेढ़ दशक से अधिक समय पत्रकारिता में सक्रिय रहे। राजनीतिक और मीडिया संदर्भो पर अबतक लगभग 3 हजार से अधिक आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में 18 वर्षों से अधिक का अनुभव तथा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रभारी कुलपति, कुलसचिव तथा दस वर्षों तक जनसंचार विभाग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी को कुशलतापूर्वक निभाया। इसके साथ ही भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के महानिदेशक रहे। अबतक विभिन्न विषयों पर 11 पुस्तक प्रकाशन एवं 21 पुस्तकों का संपादन तथा उनके व्यक्तित्व पर 4 पुस्तकों का प्रकाशन उनकी पत्रकारिता की सतत जारी साधना के फलसफें बयां कर रही है। कुल 156 पृष्ठों की यह पुस्तक प्रो. संजय द्विवेदी जी के जीवनवृत्त के जरिये पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए पठनीय, प्रेरणा के दस्तावेज की तरह है। पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर के रूप में प्रो. द्विवेदी जी की अक्षर साधना अनवरत रहे तथा वे पत्रकारिता की नवपौध के प्रेरणापुरुष रहें, यही कामना है। शेष ...लोगों का काम है कहना।

पुस्तक - ...लोगों का काम है कहना
संपादक – लोकेन्द्र सिंह
प्रकाशक – यश पब्लिकेशंस, नई दिल्ली
मूल्य – 350/- मात्र



## सार संक्षेप

### इन्फेंटिनो बोले : युगांडा का फुटबॉल में भविष्य उज्ज्वल




**कंपाला :** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने युगांडा में फुटबॉल विकास की सराहना करते हुए कहा वह उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ रहे है। इन्फेंटिनो ने अपना यह संदेश फेडरेशन ऑफ युगांडा फुटबॉल एसोसिएशन (एफयूएफए) की 100वीं साधारण आम सभा के दौरान भेजा। मध्य युगांडा के वाकिसो जिले में माया नेचर रिसॉर्ट में आयोजित एफयूएफए के अस्तित्व के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि युगांडा में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। मूसा मैगोगो के नेतृत्व में फुटबॉल फेडरेशन के नेतृत्व की कड़ी मेहनत, दूरदर्शी सोच और दृढ़ संकल्प है। अस्तित्व के 100 वर्ष पूरे होने पर बधाई और मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं कि आप सभी महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर विचार करते हुए इस उत्सव का भरपूर आनंद लें। फीफा अध्यक्ष ने फीफा के साथ मिलकर काम करने के लिए युगांडा फुटबॉल निकाय को धन्यवाद भी दिया। एफयूएफए के अध्यक्ष मोसेस हसीम मैगोगो ने संघ के साथ 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए आने वाले सभी प्रतिनिधियों, हितधारकों और मेहमानों को धन्यवाद दिया। मैगोगो ने कहा कि हम आपकी उपस्थिति को हल्के में नहीं लेते हैं और हम आपको आश्वासन देते हैं कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाना और कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे कि युगांडा में फुटबॉल उच्च स्तर तक सुधार करता रहे।

### राणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए गुजरात की 16 सदस्यी टीम का ऐलान

**अहमदाबाद :** रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट 2024-25 के लिए 16 सदस्यीय गुजरात सीनियर पुरुष टीम की घोषणा की गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में चिंतन गजा की अगुवाई में गुजरात की टीम 11 अक्टूबर को हैदराबाद से हैदराबाद में अपना पहले मैच खेलेगी। इसके बाद 18 अक्टूबर को आंध्रप्रदेश के साथ अहमदाबाद में दूसरा मुकाबला होगा। तीसरा मैच 26 अक्टूबर को राजस्थान के साथ जयपुर में खेला जायेगा। चौथा मैच छह नवंबर को पुड्डुचेरी की टीम के साथ अहमदाबाद में होगा। वहीं पांचवें मुकाबले में गुजरात की टीम विदर्भ के साथ नागपुर में भिड़ेगी। रणजी ट्रॉफी के लिए घोषित गुजरात की टीम इस प्रकार है:- प्रियांक पांचाल, चिंतन गजा (कप्तान) उमंग रोहित कुमार (उपकप्तान), उर्विल पटेल (विकेटकीपर), हेत पटेल (विकेटकीपर), जयमीत पटेल, ऋषि पटेल, अर्जन नागवासवाला, हेत पटेल, रिंकेश वाघेला, सिद्धार्थ देसाई, मनन हिंगराजिया, प्रियाजीत जड़ेजा, क्षितिज पटेल, आर्या देसाई और विशाल जयसवाल।

### उत्तराखंड और मणिपुर ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की

**रांची :** 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के छठे दिन शनिवार को हॉकी उत्तराखंड और मणिपुर हॉकी ने अपने-अपने मैच जीते। झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये दिन के पहले मैच में हॉकी उत्तराखंड ने पूल ए में केरल हॉकी को 3-1 से हराया। हॉकी उत्तराखंड के लिए खेल का पहला गोल प्राची ने 21वें मिनट पहला गोल किया। केरल हॉकी ने शानुशा पी एम ने (29वें मिनट) के गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। आरती ने (50वें मिनट में) गोलकर हॉकी उत्तराखंड की बढ़त दोगुना कर दिया और इसके बाद प्राची ने फिर से 56वें मिनट में गोलकर अपनी टीम की सुनिश्चित की। वहीं दिन के दूसरे और आखिरी मैच में मणिपुर हॉकी ने पूल सी में असम हॉकी को 6-3 से हराया। मणिपुर के लिए तनु शोरेंसंगबाम ने (20वें मिनट), देवी केसाम एलीना ने (37वें , 44वें मिनट), चानू रोमिता वारिबम ने (38वें मिनट), रीना कोइजाम ने (52 वें मिनट) और देवी लैशराम रितु ने (60वें मिनट) में गोल किए। जबकि जॉयमोती गोर ने (10वें मिनट), सागरिका बर्मन ने (31वें मिनट) और कैप्टन अश्मिता तिग्गा ने (58वें मिनट) में असम हॉकी के लिए गोल किए।

# दिव्यांशी और सूरज ने निशानेबाजी में जीते स्वर्ण पदक

● लीमा,

**भारतीय** निशानेबाज दिव्यांशी ने महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में और सूरज शर्मा ने पुरुषों की स्टैंडर्ड वैरिएशन स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इसी के साथ पेरू के लीमा में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 में पदक तालिका में भारत के पदकों की संख्या 21 हो गई। इस चैंपियनशिप में भारतीय पिस्टल निशानेबाजों ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धाओं में पांच और पदक जीते, जिसमें दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल रहे। दिव्यांशी ने महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में (564) स्कोर के साथ स्वर्ण, परीशा गुप्ता (559) ने रजत और मानवी जैन

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 में पदक तालिका में भारत के पदकों की संख्या 21 हुई

ने (557) स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। एक अन्य भारतीय निशानेबाज शिखा चौधरी (554) चौथे स्थान पर रहीं। दिव्यांशी ने प्रतियोगिता की शुरुआत में 25 मीटर महिला पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता था। इस बीच पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले सूरज शर्मा ने स्टैंडर्ड वैरिएशन में 571 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।




# जीत में चमकीं शूट-मूनी

## महिला टी-20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को छह विकेट से हराया

● शारजाह,

**मेगन** शूट (तीन विकेट) और उसके बाद बेथ मूनी (नाबाद 43) रनों की शानदार की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार महिला टी-20 विश्वकप के पांचवें मुकाबले में श्रीलंका को हरा दिया है। मेगन शूट को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

94 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में उदेशिका प्रबोधनी ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान अलिसा हीली (4) को बोल्ड कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद तीसरे ओवर में जॉर्जिया वेयरहम (3) पर रनआउट हुई। इस दौरान बेथ मूनी एक छोर थामे खड़ी रही और तेजी के साथ रन बनाती रही। उन्होंने एलिस पेरी के साथ चौथे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। पेरी (17) को सुगंधिका कुमारी ने बोल्ड आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर (12) को इनोका रनावीरा ने आउट किया। बेथ मूनी ने 38 गेंदों में चार चौके लगाते हुए(नाबाद 43) रनों की पारी खेली। फीबी लिचफील्ड (9) रन पर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 14.2 ओवर में चार विकेट पर 94 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी, इनोका रनावीरा और सुगंधिका कुमारी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।




बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 25 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। विश्मी गुणारत्ने (00), कप्तान चमारी अटापट्टू (03) और कविशा दिलहारी (05) रन बनाकर आउट हुई। हालांकि इस दौरान हर्षिता समाराविक्रमा एक छोर थामे रहीं। 13वें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने हर्षिता को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। हर्षिता ने 35 गेंदों में (23) रन बनाये। अनुष्का संजीवनी(16), सुगंधिका कुमारी (शून्य) पर आउट हुई। दोनों को मेगन शूट ने आउट किया। जबकि हसिनी परेरा (2) जॉर्जिया वेयरहम का शिकार बनी। श्रीलंका के लिए नीलाक्षी डिसिल्वा ने (नाबाद 29) रनों की पारी खेली। इनोशी प्रियदर्शिनी (2) रन पर नाबाद रही। श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के आगे खुलकर नहीं खेल सका। श्रीलंका निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 93 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की ओर मेगन शूट ने तीन विकेट लिए। सोफी मोलिन्यू को दो विकेट मिले। एश्ली गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मेगा ऑक्शन नियम से खुश नहीं हैं आधी आईपीएल फ्रेंचाइजी

● मुंबई,

**आईपीएल** मेगा ऑक्शन के नियमों में बदलाव से कुछ टीमें खुश नहीं हैं। सबसे ज्यादा विवाद राइट टु मैच नियम में बदलाव को लेकर हो रहा है। कुछ टीमों ने बीसीसीआई को लेटर लिखकर आपत्ति भी जताई है।

बोर्ड ने 28 सितंबर को लीग की नई रिटेंशन पॉलिसी लागू की थी, इनमें राइट टु मैच कार्ड नियम की वापसी हुई। इस नियम के अनुसार, टीमें अगर किसी प्लेयर को रिटेन नहीं कर पाती हैं, तो उन्हें मेगा ऑक्शन में राइट टु मैच कार्ड का इस्तेमाल कर अपने साथ रख सकेंगी। हालांकि, इसमें एक बदलाव हुआ है जो टीमों को पसंद नहीं आ रहा। मान लीजिए, रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने रिटेन नहीं किया। उनका नाम ऑक्शन में आया और उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 10 करोड़ रुपये में खरीद लिया। अब अगर मुंबई चाहे तो आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर रोहित को 10 करोड़ रुपये में अपने साथ ही रख सकती है। 2018 के मेगा ऑक्शन में बेंगलुरु ने राइट टु मैच कार्ड से युजवेंद्र चहल को खरीदा था। किस नियम पर विवाद हुआ है? नई रिटेंशन पॉलिसी में राइट टु मैच कार्ड की वापसी हुई है। इसी नियम पर विवाद हुआ है। इस नियम के अनुसार, टीमें चाहें तो अपने नॉन-रिटेन (जिसे रिटेन नहीं किया गया है) को नीलामी के दौरान अपने पास रख सकती हैं।

### राइट टु मैच में बदलाव पर सबसे ज्यादा विवाद, पुराना नियम चाहते हैं

राइट टु मैच कार्ड के नियम में क्या बदलाव हुआ है। इस बार एक नया क्लॉज जोड़ा गया। जिसके अनुसार नॉन रिटेन खिलाड़ी पर बोली लगाने वाली टीमों के पास राइट टु मैच कार्ड के बाद खिलाड़ी की कीमत बढ़ाने का मौका रहेगा। मान लीजिए, चेन्नई सुपर किंग्स ने 5 प्लेयर रिटेन किए और उनके पास एक आरटीएम कार्ड बचा है। टीम मोईन अली को रिटेन नहीं कर सकी। अब अगर ऑक्शन में हैदराबाद ने मोईन को 6 करोड़ रुपये देकर खरीदा, तो चेन्नई अपने आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर मोईन को अपनी टीम में ही रख सकती है। नए क्लॉज के अनुसार, जैसे हैदराबाद ने मोईन पर 6 करोड़ की बोली लगाई और चेन्नई ने आरटीएम कार्ड यूज किया, तो हैदराबाद उस कीमत को बढ़ा कर 9 या 10 करोड़ रुपये तक भी कर सकती है। अब अगर चेन्नई ने आरटीएमकार्ड यूज किया तो उन्हें बढ़ी हुई कीमत में मोईन को खरीदना होगा। अगर चेन्नई ने आरटीएम कार्ड यूज नहीं किया तो मोईन बढ़ी हुई कीमत में हैदराबाद के पास चले जाएंगे। क्लॉज पर विवाद क्यों हुआ है? इस क्लॉज से राइट टु मैच कार्ड यूज करने वाली टीम का नुकसान होगा।

# चोटिल बेन स्टोक्स पाकिस्तान के साथ होने वाले पहले टेस्ट से हुए बाहर

● रावलपिंडी,

**इंग्लैंड** के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स मांसपेशियों की चोट से उबर नहीं पाए है इस कारण वह पाकिस्तान के साथ होने वाले पहले टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे।

स्टोक्स की जगह क्रिस वोक्स करीब ढाई साल बाद घर से बाहर टेस्ट खेलते हुए नजर आएंगे। वोक्स ने आखिरी बार एशिया में 2016 में कोई टेस्ट खेला था। साथ ही साथ ब्राइडन कार्स का भी टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण करेंगे है। कप्तानी का जिम्मा एक बार फिर ऑली पोप के कंधों पर ही होगा। पोप लगातार चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान होंगे। हाल ही में श्रीलंका के साथ हुई घरेलू श्रृंखला में पोप की कप्तानी में इंग्लैंड को 2-1 से जीत दर्ज की थी। अभ्यास सत्र में स्टोक्स ने 45 मिनट तक इंग्लैंड के स्ट्रेंथ और कंडिशनिंग कोच पीटर सिम के साथ दौड़ते देखे गए। इसके बाद उन्होंने नेट्स पर बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया था। लेकिन इंग्लैंड उनकी वापसी के लिए किसी तरह की कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। स्टोक्स की नजर 15 अक्टूबर से शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट पर



है। हालांकि वह वापसी करते भी हैं तो संभवतः बतौर बल्लेबाज ही करेंगे। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है पहला टेस्ट सात अक्टूबर से और दूसरा टेस्ट 14 अक्टूबर से मुल्तान में खेला जाएगा जबकि तीसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से रावलपिंडी में खेला होगा।

# सूर्या बोले- मयंक में एक्स फैक्टर मौजूद

● ग्वालियर,

**भारत** के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को स्क्वॉड का अहम प्लेयर बताया। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी-20 से पहले सूर्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मयंक में एक्स फैक्टर मौजूद है, लेकिन उनका वर्कलोड मैनेज करना चुनौती है।

भारत और बांग्लादेश के बीच 3 टी-20 की सीरीज का पहला मुकाबला कल ही ग्वालियर में खेला जाएगा। मुकाबला रविवार शाम 7:00 बजे से होगा। सूर्या ने कहा कि मयंक में एक्स फैक्टर मौजूद है, फ्रेंचाइजी क्रिकेट में इसे हम सभी ने देखा। उनके पास एक्स्ट्रा पेस है, जो बैटर्स को परेशान कर सकती है। मैं उन्हें अब तक नेट्स में फेस नहीं कर सका, लेकिन मैंने उनका पोटेंशियल देखा है। मुझे उम्मीद है कि वह इंडियन टीम में भी अच्छा परफॉर्म करेंगे। मयंक यादव पहली बार भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं। वर्कलोड मैनेज



करना जरूरी सूर्या ने आगे कहा कि मयंक का वर्कलोड मैनेज करना बहुत जरूरी है। घरेलू लेवल पर भी इन दिनों बहुत ज्यादा

### वर्कलोड मैनेज करना चुनौती, पहला टी-20 आज शाम सात बजे से

क्रिकेट खेला जा रहा है। हर कोई अपने राज्य से भी खेलता ही रहता है। पिछले दिनों दिलीप ट्रॉफी में भी कई खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसलिए खिलाड़ियों के वर्कलोड पर ध्यान देना भी जरूरी है। 150 किमी प्लस की स्पीड से गेंदबाजी करते हैं मयंक मयंक यादव ने आईपीएल के इसी सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए डेब्यू किया। वह 4 ही मैच खेल सके, लेकिन उन्होंने 150 किमी से ज्यादा की स्पीड से गेंदबाजी कर सभी को प्रभावित किया। वह इंजरी के कारण पूरा सीजन नहीं खेल सके, इसलिए सूर्या ने भी उनका वर्कलोड मैनेज करने की बात कही। मयंक यादव ने आईपीएल के 4 मैचों में 7 विकेट लिए हैं।

# मुंबई ने 27 साल बाद जीती ईरानी ट्रॉफी

## मुंबई पहली पारी की बढ़त के आधार पर बनी विजेता, 15वीं बार जीता खिताब

● लखनऊ, ब्यूरो

**मुंबई** ने पहली पारी में शानदान प्रदर्शन कर ली बढ़त के आधार पर 27 साल बाद ईरानी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। 222 रनों की उम्दां पारी खेलने वाले मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। पहले बल्लेबाजी करने के उतरी मुंबई को 37 रन पर तीन विकेट गवां कर सकंट में थी।

हालांकि, अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर के बीच एक मजबूत साझेदारी ने पारी को संभाला। सरफराज खान की 222 रनों की पारी की बदौलत मुंबई ने 537 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में शेष भारत ने अभिमन्यु ईश्वरन (191) और ध्रुव जुरेल (93) रनों की पारियां खेली। हालांकि टीम 416 स्कोर पर सिमट गई। मुंबई ने दूसरी पारी में आठ विकेट पर 329 रन बनाए लिए थे तभी दोनों कप्तान ड्रॉ पर राजी हो गए। मुंबई के युवा आलरांउडर तनुष कोटियान ने शनिवार को अपने शुक्रवार के स्कोर 20रन से आगे धैर्यपूर्ण शुरुआत की। वह आठवें नंबर पर




जब बल्लेबाजी करने के लिए आये उस समय मुंबई 125 के स्कोर पर अपने छह विकेट गवां चूकी थी। सुबह के सत्र में जल्द ही टीम का स्कोर आठ विकेट पर 171 रन हो गया। इसके बाद भी कोटियान पिच पर जमे रहे। उन्होंने 135 गेंदों पर उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने 150 गेंदों पर 10 चौके और आठ छक्के लगाते हुए (नाबाद 114) रन बनाए। इससे पहले उन्होंने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक नंबर-10 पर खेलते हुए बनाया था। पहली पारी में दोहरा शतक बनाने वाले सरफराज खान दूसरी पारी में विफल रहे और 17 रन पर सारांश जैन ने उन्हें पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद शार्दुल ठाकुर (02) भी सारांश जैन का शिकार बने। आठ विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आये मोहित अवस्थी ने तनुष का बखूबी साथ निभाया और दोनों बल्लेबाजों ने नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 158 रन जोड़े। मोहित अवस्थी ने 93 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 51) रन बनाये।

शेष भारत की ओर से सारांश जैन ने छह विकेट लिए। मानव सुथार ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। ईरानी ट्रॉफी में एक मैच ही खेला जाता है। नियम के अनुसार मैच ड्रॉ रहने पर विजेता का फैसला पहली पारी की बढ़त के आधार पर किया जाता है। ऐसे में जिस टीम के पास पहली पारी के बाद बढ़त होती है उसे चैंपियन घोषित किया जाता है।

# चोटिल शिवम दुबे बांग्लादेश टी-20 सीरीज से हुए बाहर

● मुंबई,

**भारतीय** ऑलराउंडर शिवम दुबे पीठ में चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ कल से शुरु हो जा रही तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। टीम में उनकी जगह तिलक वर्मा को शामिल किया गया है। तिलक रविवार सुबह भारतीय टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विज्ञप्ति में कहा कि पीठ में चोट के चलते ऑलराउंडर शिवम दुबे टी-20 श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। सीनियर चयन समिति ने दुबे की जगह तिलक वर्मा को टीम में शामिल करने फैसला किया है। तिलक रविवार सुबह ग्वालियर में भारतीय टीम के साथ जुड़ जाएंगे। दुबे भारतीय टीम की टी-20 विश्वकप अभियान का हिस्सा थे। वह श्रीलंका दौरे पर टी-20 और एकदिवसीय दोनों सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा थे। हाल ही में दुबे ने दिलीप ट्रॉफी शतक बनाया था। बांग्लादेश के साथ होने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या,




रियान पराग, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव और तिलक वर्मा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)